52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.9°c | अधिकतम 34.9°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:56 सूर्यास्त : 6:42 | वर्ष : 52/ अंक : 241 | शनिवार, 31 अगस्त 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

अगर रास्ता खूबसूरत है, तो पता कीजिये किस मंजिल की तरफ जाता है, लेकिन अगर मंजिल खूबसूरत हो तो, कभी रास्ते की परवाह मत कीजिये।

बेटियों, महिलाओं के मन में डर राष्ट्रीय चिन्ता का विषय है : धनखड़

महिलाओं के मान की रक्षा पुरुषों का कर्तव्य रहे.....

पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़े दो मुन्ना भाई

फर्जी कागजों के नाम पर तो दूसरा अन्य के नाम से दे रहा था परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। फर्जी अभिलेखों के आधार पर उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी लिखित परीक्षा देने आये दो को युवकों को थाना सिविल लाइन और नई मंडी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है । इनमें एक फर्जी प्रमाणपत्रों पर परीक्षा देने आया था। दूसरा किसी अन्य के नाम से परीक्षा देने पहुंचा था। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस की लिखित परीक्षा के दौरान आज द्वितीय पाली में चेकिंग के दौरान थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा एसडी इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर से फर्जी अभिलेखों के आधार पर परीक्षा देने आये एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मनीष पुत्र राजपाल निवासी ग्राम डगरपुर थाना खेकड़ा जनपद बागपत

बताया गया है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैने वर्ष 2011 में हरिओम इंटर कॉलेज लोनी से हाईस्कूल किया था जिसमें उसकी जन्मतिथि 17.10. 1996 अंकित है। इसी स्कूल से मैने वर्ष 2013 में इंटर की परीक्षा पास की गयी। इसके उपरान्त आर्मी की परीक्षा में शामिल होने हेतु वर्ष 2015 में हाई स्कूल का दूसरा प्रमाण पत्र प्रवीण पुत्र रामपाल के नाम से शान्ति निकेतन मथुरा से फर्जी तरीके से बनवाया गया जिसमें उसने अपनी जन्मतिथि 16.07.1999 अंकित करायी तथा उसी समय प्रवीण नाम से आधार कार्ड भी बनवाया। वर्तमान भर्ती में आवेदन मनीष पुत्र रामपाल के नाम से किया गया था परन्तु आधार वेरिफिकेशन में अभियुक्त का नाम प्रवीण आने पर उपरोक्त तथ्यों का खुलासा हुआ। आधार के विवरण को छिपाने हेतु अभियुक्त अपने पहचान पत्र के नाम पर आधार कार्ड न लाकर पेन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेस लाया था क्योकि आधार कार्ड में उसका नाम प्रवीण अंकित था। अभियुक्त का मूल पता ग्राम डगरपुर थाना खेकडा बागपत है। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध सिविल लाइन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी ओर द्वितीय पाली में चेकिंग के दौरान थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज से फर्जी अभिलेखों के आधार पर परीक्षा देने आये एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम समीर सोलंकी पुत्र मुरारी लाल निवासी चोला बुलदंशहर बताया गया है। वह थाना नई मण्डी पर सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज में द्वितीय पाली में हरेन्द्र कुमार के नाम से परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुआ जिसको बायोमेट्रिक की कार्यवाही के दौरान संदिग्ध लगने पर लखनऊ के डेटाबेस से वेरिफिकेशन हेतु अनुरोध किया गया। डेटाबेस से मिलान करने पर परीक्षार्थी की जन्मतिथि व नाम में आधार कार्ड में विरोधाभास पाया गया। सत्यापन के उपरान्त इससे बाद परीक्षा पूछताछ की गयी जिसमें उसने पूछताछ के दौरान बताया कि इसके द्वारा ओवरऐज हो जाने के कारण अपने गांव के हरेन्द्र नाम के व्यक्ति के नाम से फार्म भर दिया गया था एवं अपनी फोटो लगा दी गयी थी। आधार कार्ड में भी इसने नाम में परिवर्तन कराया गया था। अभ्यर्थी का वास्तविक नाम समीर सोलंकी पुत्र मुरारी लाल निवासी चोला बुलदंशहर पाया गया। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना नई मण्डी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

लो जी... इधर ज्ञापन दिया उधर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता अटल संगठन के शोरूम पर जाकर खुलेआम दे आए धमकी

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। दो दिन पहले भारतीय किसान यूनियन अटल के प्रदेशाध्यक्ष अमित चौधरी ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर आरोप लगाते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा था, कि देश में बांग्लादेश जैसे हालात कहने वाले राकेश टिकैत के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा लिखा जाये। अपना ज्ञापन सौंपते हुए अमित चौधरी व उनके सहयोगियों ने यह भी कहा था कि राकेश टिकैत के बयानों से ऐसा लग रहा है कि जैसे उनके आईएसआई जैसे संगठनों से तआल्लुक हों, और उसी दम पर वे आने वाले समय में देश के हालात बांग्लादेश जैसे हो जाने की बात कह रहे हैं। दोनों ओर से बयानबाजी के बाद राकेश टिकैत अपने इस बयान से ही मुकर गए थे और उन्होंने इसका ठींकरा मीडिया पर फोड़ा था कि मीडिया ने उनका बयान तोड़ मरोडकर पेश किया है, मगर इधर ज्ञापन दिया और उधर भाकियू अटल के कार्यकर्ता को हाथोंहाथ इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। अब प्रशासन इसे गुण्डागर्दी माने या न माने यह तो प्रशासन का निजी मामला है, क्योंकि प्रशासन तो भाकियू के सामने हमेशा ही नतमस्तक दिखाई पड़ता है मगर एक वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि भाकियू अटल के एक कार्यकर्ता के शोरूम पर पांच लोग भारतीय किसान यूनियन का कार्यकर्ता बताते हुए पहुंचते हैं और एक गाड़ी संख्या यूपी 15 बीवाई 6387 से उतरते हैं और अंदर पहुंचकर विजय प्रताप सिंह कहां हैं, यह बात पूछते हैं, इस पर शोरूम में

मौजूद लोग बताते हैं कि विजय प्रताप कहीं गए हुए हैं, अपना काम बताओ। इस पर शोरूम में घुसे पांच लोग कहते हैं कि काम उसी से है और उसने कैसे भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता को आतंकवादी, आईएसआई का एजेंट और देशद्रोही बता दिया है। हमें उसी से निपटना है। वाद विवाद होने के बाद पांचों लोग पीड़ित विजय प्रताप सिंह के पिता किरणपाल सिंह के अनुसार वापस उनके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर वापस लौट जाते हैं।

भाकियू टिकैत से डरे हुए नई मण्डी थाने ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर। वैसे तो यह सार्वजनिक है कि पुलिस प्रशासन ही नहीं बड़े-बडे अधिकारी भी भाकियू से डरते हैं। इस मामले में भी प्रशासन डरा-डरा सा महसूस हो रहा है। पीड़ित विजय प्रताप सिंह का बताना है कि घटना के तुरन्त बाद उन्होंने 112 पर कॉल की, उनके यहां पुलिस भी आई और कहा कि तहरीर दे दी जाए। पीड़ित ने हाथोंहाथ ही थाने पहुंचकर तहरीर भी दी मगर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। उसके बाद पीडित को ही थाने बुलाया गया और कहा गया कि भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने भी एक तहरीर दी है, जिसमें आपके द्वारा उन्हें जातिसूचक शब्द बोले गए हैं। इस पर पीड़ित विजय प्रताप उनके पिता किरणपाल ने एसएसपी से सम्पर्क किया और एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत को अपने वीडियो साक्ष्यों सहित पूरी बात तस्वीर की तरह साफ कर दी। एसपी सिटी ने हाथोंहाथ मंडी थाने को कार्यवाही के निर्देश दिये, मगर शुक्रवार की शाम साढे नौ बजे समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार का कोई मुकदमा नहीं लिखा गया था।

सिपाही भर्ती परीक्षा नौकरी पाने के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले 7 पकड़े

सहारनपुर, 30 अगस्त (एजेंसी)। सहारनपुर के थाना कुतुबशेर पुलिस ने फर्जी प्रपत्रों के जरिये पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए दो अभ्यर्थी पकड़े हैं। इन्होंने दस्तावेजों में अपनी उम्र कम दिखा रही थी। इसी तरह कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने भी ऐसे ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि कमेला रोड स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के बायोमेट्रिक हेड ने पुलिस को सूचना दी कि एक अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक चेकिंग के दौरान जन्मतिथि के प्रपत्रों में अंतर आ रहा है। आरोपी प्रभात तोमर निवासी तोमर मार्केट किशनपुर बिराल जनपद बागपत के प्रपत्रों को चेक किया तो प्रवेश पत्र में दशायी गई जन्मतिथि और आधार कार्ड में अंकित तिथि में अंतर मिला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि नौकरी की उम्र निकल चुकी थी। इसलिए पुनः 2019 में बदली जन्मतिथि के आधार पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। इसी आधार पर उसने पुलिस भर्ती का फार्म भरा था। बायोमेट्रिक हाजिरी के दौरान परीक्षा देने से पकड़ा गया। इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज से जितेंद्र सिंह निवासी जरीहा मोहल्ला राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान को पकड़ा गया। इसकी भी नौकरी पाने की उम्र निकल चुकी थी। उसने भी आधार कार्ड अपडेट कराते हुए अपनी जन्मतिथि बदली। इसी आधार पर पुलिस भर्ती परीक्षा का फार्म भरा था। कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने गिल कॉलोनी स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा देने आए प्रशांत कुमार निवासी मैनापूठी थाना सरूरपुर जनपद मेरठ को पकड़ा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी जन्मतिथि 15 जून 1996 है। नौकरी की उम्र निकल चुकी है। उसने जन्मतिथि बदलकर नौकरी पाने को वर्ष 2021 में हाईस्कूल और 2023 में प्राइवेट इंटर की परीक्षा पास की थी। उसने अपना नाम परमजीत रख लिया था, लेकिन पकड़ा गया। इसके अलावा इसी केंद्र से सतीश निवासी बुलंदशहर भी प्रपत्रों में जन्मतिथि बदलवाकर धोखे से परीक्षा देने आया था, लेकिन बायोमैट्रिक चेकिंग के दौरान वह भी पकड़ा गया।

फंदे से लटका मिला शव

शाहपुर, 30 अगस्त (बु.)। शाहपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय सलीम उर्फ टोफी पुत्र महफूज निवासी सोरम ने पलड़ी शाहपुर ने मानसरोवर कॉलोनी मुजफ्फरनगर निवासी महावीर के बाग में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकार बुढ़ाना महोदय व फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

शिवाजी की प्रतिमा गिरने के मामले में पीएम नरेन्द्र मोदी ने मांगी माफी

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसी)। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी है। प्रतिमा ढहने को लेकर इससे पहले कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा था। कांग्रेस ने पूछा था कि क्या प्रधानमंत्री इसको लेकर माफी मांगेंगे? दरअसल, 26 अगस्त को 35 फूट ऊंची छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढह गई, जिसके बाद ही राज्य में केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी तेज हो गई। कांग्रेस ने पीएम मोदी तो शिवसेना (यूबीटी) ने राज्य सरकार पर निशाना साधा था। वहीं, प्रधानमंत्री ने कहा, जब 2013 में भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया, तो मैंने सबसे पहले रायगढ़ के किले में जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि के सामने बैठकर प्रार्थना की और राष्ट्रसेवा की एक नई यात्रा आरंभ की थी। उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं हैं। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, मैं सिर झुकाकर मेरे अराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में माथा रखकर माफी मांगता हूं।

किन्नर के साथ रह रहे अपराधी किस्म के व्यक्ति का शव मिला

खतौली, 30 अगस्त (बु.)। शेखपुरा के जंगल में ट्रेन की पटरी के पास नाली में किन्नर के साथ रह रहे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृत व्यक्ति के खिलाफ आधा दर्जन मामले मेरठ थाने पर दर्ज हैं। थाना खतौली को आज एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा शव की जामा तलाशी ली गयी तो मृतक के कपड़ों से कुछ पत्र प्राप्त हुए जिसके आधार पर मृतक की पहचान सागर अहलावत पुत्र मनोज निवासी मनोहर कॉलोनी थाना दौराला जनपद मेरठ के रूप में हुई है। मृतक कस्बा खतौली के पास स्थित शेखपुरा ग्राम में पिछले 3 माह से भोली किन्नर के साथ किराये के मकान में रह रहा था। मृतक के परिजन को सूचित किया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

डॉ. विकास पंवार ने किया वीडियो जारी, बोले बिना फैसला आए किसी पर इतने घृणित आरोप नहीं लगाने चाहिएं

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। कभी कभी पुलिस द्वारा आवेश में आकर एक ही मिनट के अंदर किसी भी प्रतिष्ठित व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके छवि धूमिल करने जैसा काम कर दिया जाता है। अब यह काम अंजाने में हुआ हो या कैसे भी मगर प्रतिष्ठित व्यक्ति की छवि पूरी तरह धूमिल हो जाती है। ऐसा ही एक मामला मुजफ्फरनगर के भोपा रोड स्थित एक सर्जन विकास पंवार के साथ घटित हुआ। बिना जांच किए उन्हें पुलिस तो नहीं मगर आम आदमी ने हवस का पुजारी जैसी संज्ञाएं तक दे डाली मगर उक्त डॉक्टर के मामले में जब लोगों से पूछताछ की गयी, तो 99 फीसदी लोगों ने डॉक्टर के व्यवहार को जानते हुए यहां तक कह डाला कि ये डॉक्टर इतना घृणित कार्य किसी के साथ नहीं कर सकते। डॉक्टर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया। अभी मामले की जांच चल ही रही थी तो लोगों ने तिल का ताड़ बनाते हुए अपने चटकारे लेने के लिए न जाने क्या क्या बातें फैला दी, जिससे परेशान होकर आज डॉक्टर, उनकी पत्नी व मासूम बच्चे-बच्चियों को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करनी पड़ी, उन्होंने कहा कि यदि उनकी जरा सी भी गलती निकली तो कानून उन्हें सजा देगा वह सहर्ष भुगतने को तैयार हैं, मगर आमजन से अनुरोध है कि बिना सही जानकारी के उनके परिवार व उन पर कोई टिप्पणी न की जाए। डॉक्टर ने यहां तक कहा कि ऐसी बयानबाजी चलने से उन्हें अपने मानसिक उत्पीड़न जैसे हालात महसूस हो रहे हैं। डॉक्टर ने अपनी वीडियो जारी करते हुए यहां तक कहा कि जो लोग उन पर आरोप लगा रहे हैं, जितनी उस बेटी की उम्र है, उतनी ही मेरी बेटियों की भी है। ऐसे में वे ऐसा घृणित कार्य करेंगे, तो ईश्वर भी उन्हें माफ नहीं करेगा और वे कहीं फरार नहीं हुए हैं, कानूनन रूप से जब पेश होना होगा तो कोर्ट के समक्ष हर हाल में पेश होंगे, मगर पैसा लेने की होड़ में कोई ऐसा भी कर सकता है, यह उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था। डॉक्टर विकास पंवार का कहना है कि यदि वास्तव में उन्होंने ऐसा घिनौना कृत्य किया था तो उसकी रिपोर्ट हाथोंहाथ दर्ज क्यों नहीं कराई गयी। डेढ़ महीने बाद मुकदमा दर्ज कराने का मतलब यही है कि जो पक्ष अपने आपको पीड़ित बता रहा है, उसकी मंशा क्या है ? खैर अब तो फैसला जांच के बाद कोर्ट ही करेगा। उन्होंने कहा कि मेरी जो प्रतिष्ठा खराब होनी थी, वह तो हो ही चुकी है, मगर मेरा अनुरोध है कि निकट भविष्य में यदि कोई किसी पर आरोप लगाता है तो सीधा पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज करके उसे बदनाम करना सही नहीं है। यह एक तरह से सामाजिक मौत के समान है और एक बार यदि सामाजिक मौत हो जाए तो इस दशा से उभर पाना नामुमकिन जैसा है।

परिवार बोला झूठे आरोपों का दूध का दूध, पानी का पानी होगा

मुजफ्फरनगर। डॉक्टर विकास पंवार की पत्नी ने भी अपनी बेटियों को साथ बैठाकर मीडिया के सामने साफ खुलकर कहा कि जैसे ये मेरी दो बेटियां मेरे साथ बैठी हैं, ऐसे ही हम लोगों के लिए वो बेटी है, जिसका ऑपरेशन डॉक्टर विकास पंवार द्वारा किया गया है। क्या ऐसे में अपनी बेटी जैसी लड़की से वह ऐसा कर सकते हैं और तीन दिन से हमारे परिवार और हमारी बेटियों की हालत क्या है, ये हम ही जानते हैं। दोनों बेटियों के पेपर हैं, मगर वो पेपर देने तक नहीं जा सकी। परिवार की मानसिक हालत कैसी होगी, यह बताने की आवश्यकता नहीं है। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि किसी हॉस्पिटल में जाकर पहले ये जांच कराएं कि क्या डॉक्टर ऑपरेशन या ओपीडी के समय पर अकेला बैठकर किसी मरीज का ऑपरेशन कर लेता है? पांच से छह लोगों की टीम ऑपरेशन में और यहां तक कि ओपीडी में भी दो लोगों की टीम हरेक डॉक्टर के पास मौजूद रहती है। उन्होंने कहा कि एक दो दिन के अंदर पूरी रिकॉर्डिंग सामने आ जाएगी और दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। यदि डॉक्टर साहब की कोई गलती होती तो न्याय पालिका उन्हें सजा देगी, मगर जब सबकुछ आइने की तरह सामने है, तो अब कुछ भी कहने की गुंजाइश बची नहीं है।

बिना पहचान पत्र तीमारदार नहीं रुक सकेंगे अस्पताल में: ब्रजेश पाठक

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)। कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ अमानवीय घटना को लेकर यूपी के स्वास्थ्य महकमे में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम का कहना है कि अस्पताल के स्टाफ की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निदेर्शों के तहत उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में अमूमन ऐसे लोगों को देखा जाता है, जिनका कोई भी रोगी अस्पताल में भर्ती नहीं है, वे सिर्फ रात्रि विश्राम के लिए अस्पतालों में रुक जाते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। वार्ड, आईसीयू, रेस्टिंग रूम, इमरजेंसी वार्ड, आईपीडी विभाग में रात्रि प्रवेश के लिए तीमारदारों को प्रवेश पत्र निर्गित किए जाएं। उन्होंने बताया कि रात्रि ड्यूटी में महिला चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों को रोगियों को देखने के लिए अन्य ब्लॉक एवं वार्ड में जाना पड़ता है। उनके आने-जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। चिकित्सालय परिसर, आवासीय क्षेत्र, हॉस्टल में रात्रि में समुचित प्रकाश व्यवस्था की जाए ताकि अंधेरे का फायदा उठा कर कोई असमाजिक तत्व अंदर न आ सके। रात्रि के समय चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा हेतु सुरक्षा अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। रात्रि में अस्पताल परिसर में सोने वाले तीमारदारों से भी समय-समय पर पूछताछ की जाए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि चिकित्सालय परिसर में 24 घंटे सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील किया जाए। कंट्रोल रूम में आवश्यक सुरक्षाकर्मी तैनात रहें। अस्पताल परिसर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्त सेना के जवानों की भर्ती की जाए। चिकित्सालय के नजदीकी पुलिस थाने के लिए समन्वय तथा नियमित रूप से संवाद स्थापित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत चिकित्सालय में महिला चिकित्सकों व महिला कर्मियों के लिए आंतरिक यौन उत्पीड़न समिति का गठन किया जाए। चिकित्सालय परिसर में स्थापित सीसी टीवी कैमरों की समय-समय पर चेकिंग की जाए। कैमरों की संख्या पर्याप्त एवं सभी क्रियाशील होने चाहिए। अस्पताल में ठेका एवं आउटसोर्सिंग स्टाफ का पुलिस सत्यापन अवश्य कराया जाए।

विद्युत जेई का रिश्वत लेते वीडियो हुआ वायरल

बुढ़ाना, 30 अगस्त (बु.)। एक विद्युत जेई का रिश्वत लेते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में रिश्वत देने वाले युवक ने डीएम को शिकायत भेजकर आरोपी जेई के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की है। मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य जनसेवा ट्रस्ट कसेरवा के अध्यक्ष नावेद चौधरी ने डीएम को भेजी एक शिकायत में बताया कि गांव अलीपुर अटेरना बिजलीघर फीडर पर भ्रष्ट किस्म का सीनियर जेई है। जो कि बिना रिश्वत लिए किसी भी व्यक्ति का कोई कार्य नहीं करता है। उसके गांव कसेरवा के मोमीन पुत्र जीला ने घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, जिसमें उक्त जेई ने मोमीन से चार हजार रुपए की रिश्वत लेकर कनेक्शन स्वीकृत करने के लिए कहा। रिश्वत लेते समय की विद्युत जेई की वीडियो रिकार्डिंग उसके पास मौजूद है। इसके बाद जेई ने 10 हजार रुपये की अवैध डिमान्ड फिर से की थी। जिसकी वीडियो भी उसके पास मौजूद है। इस सम्बन्ध में उक्त जेई के विरुद्ध सख्त से सख्त विभागीय कार्यवाही की जाए। आज शुक्रवार के दिन शिकायतकर्ता ने उक्त विद्युत जेई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है जबकि शिकायतकर्ता ने खुद ही यह भी बताया कि विद्युत जेई द्वारा उक्त रिश्वत लेने की घटना करीब 10 दिन पूर्व अलीपुर अटेरना बिजलीघर की है।

नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ व हमले के पांच आरोपी गिरफ्तार

ककरौली क्षेत्र में छात्राओं व उनके भाई के साथ की थी मारपीट

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। बस में चढ़कर नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़खानी व जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित दो बाल अपचारियों सहित कुल पांच वांछित अभियुक्तगण को थाना ककरौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

थाना ककरौली पुलिस ने नाबालिग युवतियों से छेड़छाड़ व जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित दो बाल अपचारियों सहित कुल पांच वांछित अभियुक्तगण को 24 घण्टे के अन्दर ग्राम बेहड़ा सादात व चौरावाला के बीच निर्माणाधीन मकान से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का सरिया व बांस के दो डण्डे बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त को वादी द्वारा थाना ककरौली पुलिस को लिखित तहरीर दी थी कि उसका भतीजा तथा भतीजी अपनी सहेलियों के साथ किसान मजदूर इन्टर कॉलिज चौरावाला से पढ़कर बस द्वारा अपने घर आ रही थी कि चार लड़कों द्वारा उनका पीछा करते हुए बस में चढ़कर लड़कियों के साथ छेड़खानी करने लगे व फबतियां कसते हुए गन्दे इशारे किये गये। उक्त लड़कियों तथा वादी के भतीजे विशाल ने इसका विरोध किया तो चारों लड़कों द्वारा अपने गांव के 7-8 लड़कों को बुलाकर वादी के भतीजे को लाठी व डण्डों की सहायता से गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। इससे वादी का भतीजा जमीन पर गिर गया। मौके पर ग्राम खोकनी के कुछ व्यक्ति आ गये तो यह सभी लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खतौली पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं तथा 7/8 पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना ककरौली पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दो बाल अपचारी सहित कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

छेड़छाड़ के आरोपियों के पक्ष में धरना देने वाले भाकियू तोमर नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। थानाक्षेत्र ककरौली में स्कूली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने तथा विरोध करने पर छात्रा के भाई के साथ मारपीट करने की घटना के मामले में नामित अभियुक्तों के पक्ष में पुलिस पर दवाब बनाने के उद्देश्य से भाकियू तोमर गुट के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के साथ थाना ककरौली पर बिना किसी पूर्व सूचना के धरना प्रदर्शन किया गया। इस मामले में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ककरौली द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों को बताया गया कि जनपद में धारा 163 बीएनएसएस लागू है तथा उनका इस तरह से इकट्ठा होना विधि विरुद्ध है । इसके बावजूद भी प्रदर्शनकारियों द्वारा थाना परिसर खाली नहीं किया गया तथा लगातार नारेबाजी करते रहे । कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी ककरौली द्वारा धरना प्रदर्शन को विधि विरुद्ध घोषित करते हुए पुलिस बल के माध्यम से थाना परिसर को खाली कराया गया तथा प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

वंदे भारत ट्रेन को मुजफ्फरनगर से संचालित करने की मांग

केंद्रीय रेल मंत्री को मंत्री अनिल कुमार ने लिखा पत्र

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। शनिवार को मेरठ से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक शुरू हो रही वंदे भारत ट्रेन को भविष्य में मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से संचालित करने के लिए केन्द्रीय रेल मंत्री को यूपी सरकार के मंत्री ने पत्र लिखते हुए मुजफ्फरनगर व शामली जनपद के लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने की पैरवी की। शुक्रवार को भाजपा जिला अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री सावन कुमार एडवोकेट के पत्र को अपने पत्र के साथ संलग्न करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने वंदे भारत ट्रेन को अब मुजफ्फरनगर से चलाने के लिए अनुरोध किया। कैबिनेट मंत्री एवं पुरकाजी विधायक अनिल कुमार ने भारत सरकार के रेल मंत्री को लिखे पत्र में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मेरठ से लखनऊ तक चलने वाली इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर संचालन कर रहे हैं, जो इस क्षेत्र की जनता के लिए हर्ष की बात है। उन्होंने मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपद के नौकरीपेशा लोगों के साथ राजनीतिक लोगों और कोर्ट से संबंधित लखनऊ और प्रयागराज जाने वाले लोगों के साथ आम जनता की सुविधा के दृष्टिगत उक्त वंदे भारत ट्रेन को मुजफ्फरनगर से जोड़कर संचालित करने का रेल मंत्री से अनुरोध किया। दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री से मिले लोगों में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान विरेन्द्र तेजियान, जोनी आर्य, संजीव लांबा, विनित कुमार, असगर जैदी, रामरोशन दास, आलम त्यागी, नरेश प्रधान, योगेश खारी, दिमाग सिंह, मनीष कुमार, देवकांत त्यागी, राजू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

फोरमैन की साउथ अफ्रीका में मौत,एक सप्ताह बाद शव पहुंचने पर मचा कोहराम

चरथावल, 30 अगस्त (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम पावटी खुर्द निवासी 30 वर्षीय फोरमैन की विदेश में अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। एक सप्ताह बाद विदेश से फोरमैन का शव गांव में पहुंचने पर कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य लोग सांत्वना देने के लिए आवास पर पहुंच गए। वहीं नवयुवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम पावटी निवासी 30 वर्षीय मेहराज पुत्र सुलेमान करीब 9 माह पहले फोरमैन की नौकरी के लिए अफ्रीका के केमरून शहर गया था, जिसकी एक सप्ताह पूर्व अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी, जिसका शव एक पैतृक गांव पावटी में पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चार बच्चे हैं। वहीं सूचना मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य लोग ग्राम प्रधान कुटेसरा नय्यूम त्यागी, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर विपिन

'सीएनएन की रिपोर्ट भारत को बदनाम करने वाली'

नयी दिल्ली, 30 अगस्त (वार्ता)। भारत ने अमेरिकी चैनल सीएनएन पर बंगलादेश में बाढ़ से संबंधित रिपोर्टों को भ्रामक, तथ्यात्मक रूप से गलत और इरादतन बदनाम करने वाली बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिग में इस बारे में पूछे गए सवालों पर कहा, "हमने बंगलादेश में बाढ़ की स्थिति पर सीएनएन रिपोर्ट देखी है। इसका वर्णन भ्रामक है और यह बताने की कोशिश की गई है कि बाढ़ के लिए किसी न किसी तरह भारत जिम्मेदार है। यह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है।" प्रवक्ता ने कहा कि रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के लिए जारी प्रेस विज्ञप्ति में उल्लिखित तथ्यों की अनदेखी करता है। उन्होंने इस बात को भी नजरअंदाज कर दिया है कि जल संसाधन प्रबंधन के लिए मौजूदा संयुक्त तंत्र के माध्यम से दोनों देशों के बीच डेटा और महत्वपूर्ण सूचनाओं का नियमित और समय पर आदान-प्रदान होता है। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बारे में सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "जैसा कि हमने पहले कहा, बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री सुरक्षा कारणों से बहुत कम समय के नोटिस पर भारत आईं। इस मामले में हमारे पास जोड़ने के लिए और कुछ नहीं है।" ढाका में भारतीय उच्चायोग में वीज़ा सेवाओं के संचालन पर पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में बंगलादेश में सीमित भारतीय वीज़ा सेवाएं उपलब्ध हैं। अभी भारतीय वीज़ा आपातकालीन या चिकित्सा प्रयोजनों के लिए दिए जा रहे हैं। पूर्ण वीज़ा सेवाएं कानून और व्यवस्था बहाल होने और सामान्य स्थिति स्थापित होने के बाद ही फिर से शुरू हो सकती हैं।

हाईकोर्ट फैसले के खिलाफ वकीलों ने की कचहरी में हड़ताल

– कंडोलेंस में नो वर्क की परंपरा पर कोर्ट ने लगाई रोक

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। हाईकोर्ट इलाहाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश में आये दिन होने वाली अधिवक्ताओं की हड़ताल पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे लेकर आदेश जारी करने पर अधिवक्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघर्ष समिति के आह्वान पर कामबंद हड़ताल कर धरना दिया। बार संघों पदाधिकारियों के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हाई कोर्ट के फैसले के प्रति रोष व्यक्त करते हुए इसे अधिवक्ताओं की आजादी के खिलाफ बताते हुए वापस लिए जाने की मांग की। शुक्रवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर कामबंद हड़ताल करते हुए धरना प्रदर्शन किया। डिस्ट्रिक्ट बार एवं सिविल बार एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से एकजुटता दिखाते हुए हाईकोर्ट के फैसले का विरोध किया और अपने चैम्बरों पर ताला लगाकर धरना दिया। जिला बार संघ के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने बताया कि हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक फैसला दिया है, जिसमें बार संघों द्वारा अधिवक्ताओं के हितों की मांग को उठाने,

किसी अधिवक्ता का निधन होने पर शोक प्रस्ताव के चलते होने वाले नो वर्क पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह कहा है कि यदि इस आदेश के बाद भी जिलों में बार संघ के आह्वान पर तमाम अधिवक्ताओं द्वारा हड़ताल की जाती है तो इसे कोर्ट के आदेश की अवमानना मानते हुए संबंधित बार के विरुद्ध कार्यवाही होगी। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की खंडपीठ का जो अंतरिम आदेश अधिवक्ताओं के कार्य से विरत रहने के संबंध में आया है, उसके विरोध स्वरूप दोनों बार संघों के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरक्त रहते हुए कामबंद हड़ताल की। उन्होंने कहा कि हम इस आवाज को उच्च न्यायालय एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश तक भी पहुंचाने का काम करेंगे। इस बीच महासचिव सुरेंद्र मलिक, सिविल बार महासचिव सत्येंद्र कुमार के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता ठा. देवेन्द्र सिंह, अनिल जिन्दल, अनिल दीक्षित, श्यामवीर सिंह, गुलवीर सिंह, नाहिद परवीन, नरेश त्यागी, निश्चल त्यागी, आदेश कुमार, अजीम मुनव्वर समेत सैंकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

तारीख गवाह है

आज का इतिहास

नयी दिल्ली 30 अगस्त (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 31 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इ प्रकार है:- **1422-** हेनरी षष्ठम महज नौ महीने की उम्र में ब्रिटेन के राजा घोषित किए गए। **1827-** प्रथम विस्काउंट गोडेरिच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने। **1871-** एडॉल्फे थियर्स फ्रांसीसी गणराज्य के राष्ट्रपति बने। **1881-** अमेरिका में पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया। **1920-** अमेरिकी शहर डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया। **1956-** भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजूरी दी। **1957-** मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की। **1962-** कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए। **1964-** कैलिफोर्निया आधिकारिक रूप से अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना। **1968-** भारत में टू-स्टेज राउंडिग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण किया गया। **1983-** भारत के उपग्रह इनसेट-1 बी को अमेरिका के अंतरिक्ष शटल चैलेंजर से प्रसारित किया गया। **1991-** उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। **1993-** रूस ने लिथुआनिया से अपने आखिरी सैनिकों को वापस बुलाया। **1994-** आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने लंबे संघर्ष के बाद यूद्ध विराम की घोषणा की। **1997-** ब्रिटेन की राजकुमारी और राजकुमार चार्ल्स की पूर्व पत्नी डायना की पेरिस में कार दुर्घटना में मृत्यु। **1998-** उत्तरी कोरिया ने जापान पर बैलिस्टिक मिसाइल दागा। **2005-** ईराक की राजधानी बगदाद में धार्मिक अवसर पर फिदायीन हमले के भय से मची भगदड़ में 816 लोग मारे गये। **2008-** सरकार ने अमरनाथ भूमि विवाद सुलझाया। **2010-** इराक में अमेरकी सैनिक हस्पक्षेप आधिकारिक रूप से समाप्त। **2010-** भारत सरकार ने पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि 50 लाख से बढ़ाकर ढाई करोड़ डॉलर किया। **2013-** शंघाई में, एक रासायनिक रिसाव ने 15 लोगों की मौत और कम से कम 26 घायल हुए। **2016-** पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात उर्दू कवि कश्मीरी लाल जाकिर का निधन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	73900	चांदी-	87000
सिक्का-	96000	गिन्नी-	55150

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 31 अगस्त, 2024

मेष- व्यावसायिक पक्ष में उपस्थित व्यवधान समाप्त, मनोबल से कार्यसिद्धि, शुभ भावनाओं का उदय होने से आत्मिक शांति, दूर समीप की यात्रा का प्रयास सार्थक।

वृषभ- जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, नवयोजना प्रगति पर, नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति से खुशी।

मिथुन- शारीरिक सुख, कार्य-प्रगति की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रसन्नता।

कर्क- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, घरेलू समस्याओं से मन अशान्त, बात-बात पर क्रोध, मित्रों-प्रियजनों से मतभेद।

सिंह- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, विरोधियों का वर्चस्व में कमी, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा का प्रसंग।

कन्या- स्वास्थ्य में अनुकूलता किसी योजना की पूत हेतु प्रयत्नशील, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, अध्यवसाय की ओर रुझान, मौजमस्ती के निमित्त व्यय।

तुला- आज दिन 7/56 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।

वृश्चिक- संकल्प-विकल्प की स्थिति, आरोग्य सुख में कमी, परिवार में अशांति, विरोधी प्रभावी, आय की तुलना में व्यय की अधिकता, परीक्षा में असफलता।

धनु- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, सुख के साधन सुलभ।

मकर- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, किसी पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद सुलभ, मन में खुशी।

कुम्भ- नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, नवसमाचार प्राप्ति से प्रसन्नता।

मीन- प्रगति में अवरोध, विचारित योजना अधूरी, वाद-विवाद से तनाव, कार्य व्यवसाय अर्थ-पक्ष में निराशा, मानसिक बेचैनी, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

सर्राफा कारोबारियों से सीसी टीवी कैमरे लगाने व चौकीदार रखने की गुजारिश

मुजफ्फरनगर , 30 अगस्त (बु.)। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा सर्राफा संघ के पदाधिकारियों व व्यापारी बंधुओं के साथ गोष्ठी में उनसे सीसी टीवी कैमरे लगाने और चौकीदार रखने के साथ पैसा ले जाते समय पुलिस को सूचित करने को कहा। गोष्ठी में सुरक्षा सम्बन्धित सुझावों का आदान-प्रदान किया गया साथ ही समस्याओं के जल्द निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा थाना कोतवाली नगर पर द्वारा सर्राफा संघ के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिंदल, थानाध्यक्ष कोतवाली नगर अक्षय शर्मा मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर ने सर्राफा व्यावसायियों से सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए।

उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी सिटी ने सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस निरंतर शहर में गश्त करती है मगर इसके अतिरिक्त व्यापारियों को भी सुरक्षा के प्रति सतर्क होना पड़ेगा। सभी व्यापारी बंधुओं को सुरक्षा की दृष्टि से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, सीसीटीवी कैमरों की दिशा को सही रखने, आपसी समन्वय से मार्ग पर भी सीसीटीवी कैमरा लगवाने, रात्रि में प्रकाश की उचित व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड व चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश का परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने, किसी व्यापारी बंधु को किसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति से किसी प्रकार का खतरा होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देने आदि के संबंध में अवगत कराया गया। एसपी सिटी द्वारा उपस्थित व्यापारियों को साइबर फ्रॉड और आनलाइन ठगी व इनसे बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गयी।

धोखे से कराया बैनामा, मुख्यमंत्री से कैंसिल कराने की मांग की

जानसठ, 30 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने मुख्यमंत्री को शिकायती-पत्र भेजा। शिकायती-पत्र भेजकर उसने अपनी पुत्री और दामाद द्वारा धोखे से कराए गए बैनामे को निरस्त कराने की मांग की है। क्षेत्र के गांव नंगला कबीर निवासी महिला मुन्नी पत्नी स्व. धर्मवीर ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। उसने शिकायती-पत्र भेजकर बताया कि मुझे व मेरे बेटे मनोज को मेरे पति की मृत्यु के बाद नंगला कबीर में स्थित भूमि विरासत से प्राप्त हुई थी। मैंने मेरी पुत्री की शादी तलड़ा गांव में अजय कुमार के साथ की थी। कुछ दिन पहले मैं अपनी पुत्री के पास जाकर रहने लगी, तभी मुझे नशीला पदार्थ सुंघाकर मेरे दामाद ने धोखे से बैनामा मेरी पुत्री मंजू शर्मा के नाम करा लिया। महिला मुन्नी ने मुख्यमंत्री से बैनामा कैंसिल कराने की मांग की है।

एसपी सिटी ने पुरकाजी थाने का निरीक्षण किया

पुरकाजी, 30 अगस्त (बु.)। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने सीओ सदर राजू कुमार साव के साथ थाना पुरकाजी का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना प्रभारी पुरकाजी को निर्देशित किया गया। एसपी सिटी ने त्यौहार रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, थाना परिसर की सफाई आदि का निरीक्षण किया तथा थाना प्रभारी को लोगों से सभ्य व्यवहार को निर्देशित किया।

क्लीनिक सील करने के साथ नोटिस जारी

शाहपुर, 30 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव कसेरवा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक क्लीनिक को सील करने के साथ नोटिस जारी किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम प्राप्त शिकायत-पत्र के क्रम में क्षेत्र के गांव कसेरवा में संचालित लाइफ केयर पॉली क्लिनिक पर पहुंची, जहां केंद्र प्रभारी ने क्लीनिक संचालक से वैध पंजीकरण अथवा शैक्षिक अर्हता के अभिलेख दिखाने को कहा, किंतु वह कोई अभिलेख नहीं दिखा सका, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए क्लीनिक को सील करने के साथ-साथ नोटिस दिया है।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने मीरापुर चुनाव में जुटने को कहा

मीरापुर, 30 अगस्त (बु.)। आगामी विधानसभा उपचुनाव में मीरापुर की सीट पर जीत हासिल करने के लिए रालोद ने बूथ सम्मेलन का आयोजन किया। रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि कार्यकर्ता उपचुनाव में मीरापुर सीट जीताकर एनडीए को मजबूत करें। मीरापुर में एक वैंकेट हाल में आयोजित बूथ सम्मेलन में रालोद के पदाधिकारियों ने मीरापुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रालोद प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक रामाशीष राय ने किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता उपचुनाव को लेकर पूरी निष्ठा से जुट जाएं और मीरापुर विधानसभा सीट जीताकर रालोद अध्यक्ष चौ. जयन्त सिंह व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत बनाने का काम करें। कैबिनेट मंत्री व उपचुनाव प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि एनडीए की सरकार बिना भेदभाव विकास कार्य कर रही है। 8 दिन पूर्व मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ मीरापुर विधानसभा के लोगों को विकास कार्यों की सौगात देकर गये हैं। रालोद के प्रदेश संगठन महामंत्री अजीत राठी ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को बड़े स्तर पर रोजगार का अवसर दिया जा रहा है। मीरापुर विधानसभा की जनता आने वाले उपचुनाव में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को जीताकर चौधरी जयन्त सिंह के हाथों को मजबूत करेगी। हस्तिनापुर क्षेत्र के अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने कहा कि रालोद का बूथ स्तर तक संगठन तैयार है। आने वाले उपचुनाव में एनडीए गठबंधन जीत दर्ज करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने किया। सम्मेलन में विधानसभा के सैक्टर प्रभारी व बूथ अध्यक्षों के अलावा पूर्व मंत्री योगराज सिंह, एससी एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार, रमा नागर, स. मेजर सिंह, प्रभात तोमर, रामनिवास पाल, कमल गौतम, संजय राठी, गुलरेज सिद्दीकी, विकास बालियान मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र गर्वित बालियान के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं0 9120 दिनांक 28-12-2021 में उसका नाम गर्वित बालियान अंकित करा दिया गया, जबकि उसका वास्तविक नाम गर्वित बालियान है तथा भविष्य में उसे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा। उपरोक्तानुसार संशोधित किये जाने हेतु शपथ पत्र, सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

दानवीर सिंह पुत्र बलराज सिंह
खानजहांपुर, बुढ़ाना मोड़, मुजफ्फरनगर
मो. 9760314445, 9084177745

औद्योगिक समूहों के दिग्गजों ने यूपी को निवेश के लिए बताया सर्वश्रेष्ठ

लखनऊ, 30 अगस्त (वार्ता)। देश दुनिया के दिग्गज औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिये सर्वोत्तम गंतव्य करार दिया है। लोकभवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन राशि और लेटर ऑफ कंफर्ट का वितरण किया। इस अवसर पर सैमसंग, जेके ग्रुप, बिरला कॉर्पोरेशन, गैलंट, एचसीएल और हिदुजा ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिये सर्वश्रेष्ठ राज्य बताया और यूपी में भविष्य की अपनी योजनाओं का भी खुलासा किया। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, '' सैमसंग का यूपी से बहुत गहरा नाता है। हम जब 1996 में पहली बार यहां आए थे, तो कोई सोच भी नहीं सकता था कि सैमसंग नोएडा में सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिग यूनिट स्थापित करेगा। 2018 में, यह तब सच हो गया जब हमने ईस्ट मोबाइल मैन्युफैक्चरिग फैसिलिटीज का उद्घाटन किया। मुझे पूरा भरोसा है कि हमें भविष्य में भी यूपी सरकार से इसी तरह का सहयोग मिलता रहेगा। सैमसंग यूपी में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। नोएडा में हमारी मोबाइल फैक्ट्रियां 'मेक इन इंडिया' का एक प्रतीक हैं और हम भारत से 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अत्याधुनिक तकनीक पेश करना और स्थानीयकरण को बढ़ाना जारी रखेंगे। साथ ही, हम अपनी सीएसआर पहलों के तहत कौशल विकास के माध्यम से यूपी के युवाओं की क्षमता

को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।'' जेके सीमेंट के एमडी राघवपति सिहानिया ने कहा, '' जेके सीमेंट ने पिछले छह साल में तीन सीमेंट यूनिट लगाए हैं। जो लास्ट सीमेंट यूनिट है वो 2024 में प्रयागराज में स्थापित हुआ है जो सिर्फ नौ महीने और 28 दिन में लगाया गया है। ये पहला ऐसा प्रदेश है जहां टीम इंडस्ट्री को फॉलो करती है कि आपके काम का क्या प्रोग्रेस है और हम क्या कर सकते हैं। आज आश्वासन देना चाहता हूं कि जेके सीमेंट ने 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया है और हम आगे भी यूपी में और 1500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। 500 करोड़ का मेडिकल फील्ड में और 1000 करोड़ का निवेश आपकी आरएंडडी, एजुकेशन और नई बिल्डिग मैटेरियल में यह निवेश होगा।''उन्होने कहा '' मुख्यमंत्री जी अक्सर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की बात करते हैं और ईज ऑफ बिजनेस क्या होता है, उन्होंने ये करके दिखा दिया है।'' बिरला कॉर्पोरेशन के एमडी और सीईओ संदीप घोष ने कहा, '' रोटी, कपड़ा के बाद मकान हर किसी का सपना होता है। हम हर 100 बोरा जो सीमेंट बनाते हैं उससे प्रधानमंत्री आवास योजना का घर बन जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस योगदान को रिकगनाइज किया है। सीमेंट इंडस्ट्री में 10 गुना से ज्यादा लेबर जेनरेशन होता है। सिर्फ मैनपावर ही नहीं, स्किल डेवलपमेंट भी होता है। पांच साल में हमें 600 करोड़ का इंसेंटिव मिला है जो दूसरे राज्यों की तुलना में बहुत ज्यादा है और बहुत कम समय में मिला है। इनवेस्टमेंट में दो-तीन चीजें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। स्टेट में गवर्नेंस का माहौल कैसा है, लेकिन इससे भी बड़ी चीज होती है जो वादा किया जाता है उसकी डिलीवरी कैसे की जा रही है। इससे दोबारा निवेश के लिए इंडस्ट्रियस्ट में विश्वास पैदा होता है। वो कांफिडेंस आज यूपी के लिए पैदा हुआ है। यूपी में यह माहौल जारी रहे, ताकि हमारा निवेश सुरक्षित रहे।''

खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0620418 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

नासिर अली पुत्र श्री तुराब जैदी
ग्राम- कैयोड़ा, मुजफ्फरनगर

स्वर्णकार समाज ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

बुढ़ाना, 30 अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश सचिव रवि वर्मा के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बे के स्वर्णकार समाज के काफी लोगों ने सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि बीती 27 अगस्त में 3 लोग सरकारी माप तौल अधिकारी बनकर सभी सरार्फा कारोबारी के यहाँ पर आये और धौंस पट्टी देकर नोटिस दिये और फिर चले गये। फिर अगले दिन दोबारा आये, तो कुछ दुकानदारों का स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष संजीव वर्मा के पास फोन आया कि इन अधिकारी से बात करो, ये किस उद्देश्य से बाजार मे आये हुये हैं। जब उनसे बात की गयी तो वे अपना कोई भी पहचान पत्र नहीं दिखा पाये। जब उनसे उनके जिले के अधिकारी का नाम व नम्बर लिया, तो उन पर फोन मिलाया, तो उन्होंने फोन रिसीव? नहीं किया। उन्होंने हमें फर्जी मुकदमें करने की धमकी दी और पैसों की मांग की, जबकि और कोई कांटे की जॉच नहीं की गयी। इस घटना के बाद क्या केवल स्वर्णकार समाज को टारगेट किया गया। क्या बुढ़ाना में कोई कांटे नहीं रखता और अगर ऐसे ही बिना पहचान पत्र के आयेंगे और हमारे साथ कोई लूटपाट की घटना हो गयी तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदेश में इस तरह के आदमी घूमते हैं, तो फिर कोई ना कोई घटना हो जाती है। रसीद 215 की है तथा 950 रुपए लिये गये। इसलिए उक्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव वर्मा, सतीश वर्मा और नरेश शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

सहारनपुर में सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच को उम्रकैद

सहारनपुर, 30 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले की एक अदालत ने गंगोह कोतवाली क्षेत्र की छात्रा के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में सभी पांच आरोपियों को दोषी मानते हुये उम्रकैद की सजा सुनायी है। एडीजे विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट पिकू कुमार की अदालत ने शुक्रवार शाम घटना में शामिल सभी पांचों आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई और 53-53 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया। सरकारी वकील संजय मलिक ने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि सजा पाए पांचों अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 डी गैंगरेप और पोक्सो एक्ट 5जी/6 धाराओं में मामला दर्ज था। सभी पांचों आरोपी जेल में बंद थे। सजा सुनाए जाने के दौरान सभी आरोपी कोर्ट में मौजूद थे। सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया। 11 माह पूर्व 11 सितंबर 2023 को 11वीं की छात्रा के घर लौटने के दौरान पांच युवकों ने पहले छात्रा को उसके गांव छोड़ने की बात कहकर अगवा किया।

बेटी को पीटने से मना करने पर मारपीट कर घायल किया

जानसठ, 30 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोग अपनी बेटी को पीट रहे थे। पड़ोसियों ने पीटने से मना किया, तो उन्होंने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया। बृहस्पतिवार को मुराद अली पुत्र शहजाद अली ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि गांव के शौकीन व खुशहाल पुत्रगण सादा उर्फ शहजाद वह सादा उर्फ शहजाद पुत्र बूंदी बुधवार की रात लगभग नो बजे अपनी पुत्री के साथ मारपीट कर रहे थे। बाहर खड़े हारुन पुत्र अकील ने लड़की को पीटने का कारण पूछा, तो इन्होंने हारून के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बाहर खड़े लोगों ने हारून को छुड़ाकर पड़ोस के घर में बैठा दिया। कुछ समय बाद सादा उर्फ शहजाद अपने पुत्रों दिलशाद, नौशाद, खुशहाल व शौकीन के साथ लाठी-डंडे व फावड़े लेकर पड़ोसी के घर में घुस गया। इन्होंने लाठी-डंडों व फावड़े से हारून पर हमला कर दिया। बीच बचाव में आए एजाज पुत्र उमरदराज को भी मारपीट कर घायल कर दिया, जिसमें एजाज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद इन लोगों ने अपनी छत पर चढ़कर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान किसी ने पुलिस को फोन कर सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पथराव को रुकवाया। पथराव में रूबी पुत्री दिलशाद भी घायल हो गई। पुलिस ने घायल एजाज व रूबी को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर एजाज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रवीण गोयल (Praveen Goel) से बदलकर प्रवीण कुमार गोयल (Praveen Kumar Goel) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा।

प्रवीण कुमार गोयल पुत्र धर्मपाल गोयल
म.न. 307, फेस-1 , सुरेन्द्रनगर
मुजफ्फरनगर

तीन तलाक देकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

चरथावल, 30 अगस्त (बु.)। अतिरिक्त दहेज के रूप में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पत्नी को तीन तलाक देकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पीड़िता के पिता ने थाने में पति, सास, ननद, देवर सहित सात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

कस्बा निवासी पीड़िता के पिता इरशाद ने दी तहरीर में बताया कि करीब 14 वर्ष पूर्व उसकी पुत्री की शादी जनपद शामली थाना गढ़ीपुख्ता निवासी अमीर आजम से दान-दहेज के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि ससुरालिये इस दान दहेज से खुश नहीं थे। पति, सास, देवर, ननद आदि कम दहेज लाने के कारण प्रताड़ित करते थे। दोनों से चार बच्चे हैं। आरोप है कि पति ने अतिरिक्त

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

ममता बनर्जी के बयान और चिट्ठी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी के आग वाले बयान को लेकर सियासत गरमा रही है। ममता बनर्जी ने एक और चिट्ठी प्रधानमन्त्री को लिखी है। बंगाल भाजपा नेताओं का कहना है कि इन चिट्ठीयों से ममता बनर्जी यह दिखाने की कोशिश कर रही हैं कि जैसे वे कोलकाता काण्ड पर बहुत चिंतित हैं, जबकि सन्देश खाली के आरोपियों सहित इस काण्ड के आरोपियों को बचाने में उन्होंने सारी मशीनरी लगा दी। सन्देश खाली का आरोपी कोर्ट की फटकार के बाद सामने आया, ममता बनर्जी अपने राज्य के पीड़ितों की चिन्ता नहीं कर रही हैं, बल्कि आरोपियों की चिन्ता कर रही हैं और अपनी बिगड़ती छवि की चिन्ता कर रही हैं। बीजेपी के कई सीएम और नेता लगातार ममता को आड़े हाथों ले रहे हैं। उनके अन्य राज्यों में आग लगने वाले बयान पर बात तो यहां तक आ गई कि बिहार के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने ममता बनर्जी को चुनौती दे दी और कहा कि वो बिहार में एक माचिस जलाकर दिखाएं। दिलीप का कहना था कि बिहार में ममता बनर्जी एक माचिस भी नहीं जला सकती हैं। देश जलाने की बात तो छोड़ दीजिए। दिलीप जयसवाल ने ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीति की गाड़ी को चलाने के लिए इन नेताओं का नैतिक पतन हो गया है। ममता बनर्जी के आपत्तिजनक बयान को लेकर पटना के गांधी मैदान थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के एक सार्वजनिक मंच से यह बयान दिया कि अगर बंगाल जलेगा, तो देश में दिल्ली, असम, बिहार जलेगा, यह बहुत गलत भाषा है। कानूनी रूप से संवैधानिक पद पर रहते हुए और असंवैधानिक बातों का प्रयोग करना पूरे देश के आम जनमानस की भावनाओं को आहत करना है। उनके बयान से देश में अप्रिय घटना का न्योता देना है, ममता बनर्जी के ऊपर कड़ी से कड़ी धारा लगाने की मांग की गयी है। सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता ने ममता बनर्जी के खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने टीएमसी छात्र संगठन के लोगों को संबोधित करते हुए लोगों को उकसाने और भड़काने वाली बातें की। ममता बनर्जी के उस भाषण और वक्तव्य को सुनने के बाद उनकी मंशा सही नहीं लगती। अधिवक्ता ने कहा कि संवैधानिक और कानूनी रूप से इस तरह की बातें करना कानूनन अपराध है। उन्होंने आगे कहा कि बतौर सीएम ममता बनर्जी के पास राज्य की कानून व्यवस्था को कायम रखने की जिम्मेदारी है। बंगाल की पुलिस, तमाम प्रशासनिक आला-अधिकारी उनके मातहत आते हैं। ऐसे में ममता बनर्जी की ओर से इस तरह का बयान गैर जिम्मेदाराना है। अधिवक्ता ने कहा कि शिकायत में मैंने यह आग्रह किया है कि ममता बनर्जी के खिलाफ लोगों को भड़काने, देशद्रोह की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही अधिवक्ता ने इस शिकायत को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी फॉरवर्ड कर दिया है कि ऐसे वक्तव्य देने वाले नेता, जो संवैधानिक पद पर हैं, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ममता बनर्जी की तुलना उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन से की और कहा कि ममता उनके जैसा अपना विरोध बर्दाश्त नहीं कर सकतीं। सिंह ने कहा कि राज्य जलेंगे, यह एक लोकतांत्रिक व्यक्ति की, एक मुख्यमन्त्री की भाषा नहीं हो सकती। जैसे उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन को अपना विरोध बर्दाश्त नहीं है। इसी तरह, ममता बनर्जी अपने विरोध की बातें बर्दाश्त नहीं करतीं। ममता बनर्जी ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी को दूसरी बार पत्र लिखा है। उन्होंने बलात्कार और बलात्कार के बाद हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए केंद्रीय कानून बनाने और कड़ी सजा की मांग की है। उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा समय पर मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य प्रावधानों का भी आह्वान किया है और अपने पिछले पत्र पर जवाब नहीं देने पर चिंता व्यक्त की है। इससे पहले, केंद्र की एनडीए सरकार ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार को महिलाओं और लड़कियों के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों को लागू करने में कथित विफलता के लिए फटकार लगाई थी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 48,600 बलात्कार और पॉक्सो मामलों के लंबित होने के बावजूद, राज्य शेष 11 फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना करने में विफल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा था कि पश्चिम बंगाल महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली और चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी प्रमुख आपातकालीन हेल्पलाइन को लागू करने में विफल रहा है। इस पर ममता बनर्जी खामोश हैं। ममता के राज्य जलेंगे वाले बयान को प्रदेश अध्यक्ष वीर शर्मा ने गुंडाइज्म बताया, उन्होंने कहा कि यही इंडी गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की संसद में भी इसी प्रकार के बयान देता है, जिनसे देश में अस्थिरता आए। यह और उनके गुंडे बलात्कारियों को बचाने के लिए इस तरह की बातें करते हैं और देश को अस्थिर करने का प्रयास करते हैं। वीडी शर्मा ने कहा कि ममता दीदी आपके मंसूबे सफल नहीं होंगे, क्योंकि उड़ीसा बंगाल और पूरे देश में देशभक्त लोग बैठे हुए हैं। देश बंगाल की इस घटना के खिलाफ खड़ा हुआ है और अब आपके इरादों को देश के लोग विफल कर देंगे। कोलकाता काण्ड पर ममता के बयान और चिट्ठी पर अधीर रंजन ने कहा, ममता बनर्जी नहीं चाहती कि इस मामले की ठीक से जांच हो, क्योंकि सही से जांच होने पर कई रहस्य सामने आएंगे। वह नहीं चाहती कि ऐसा हो, इसलिए वह निरर्थक बातें कर रही हैं और लोगों को डराकर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन लोग डरेंगे नहीं, क्योंकि यह एक जन आंदोलन बन गया है। अधीर रंजन ने इससे पहले कहा था कि ममता बनर्जी प्रधानमन्त्री को चिट्ठी लिख रही हैं। हालांकि, इस घटना से पहले भी बहुत सारी घटनाएं घटी है। ऐसे में छानबीन को टालने के लिए मुख्यमन्त्री हमेशा से टालमटोल करती रही हैं, वो इस बार भी इसी प्रयास में थीं, मगर इस बार ऐसा नहीं हुआ। ये चिट्ठी, ये बयान, ममता बनर्जी आम लोगों की आंख में धूल झोंकने के लिए ये सब कर रहीं हैं। अधीर रंजन ने कहा कि रेप और मर्डर बंगाल में एक अंतराल पर होता रहता है, लेकिन इस बार बंगाल सरकार और पुलिस जनता के निशाने पर आ गए हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

"कमी" "समय" "वतन" "फौजी"

परेशां हाल हो तुम तो,तुम्हारी भी कमी होगी,
समय भी बोल देता है,बलाएं बोल देती हैं।
वतन के दुश्मनों का सर,कभी उठने नहीं देना,
वतन के फौजी बेटों से,ये माएं बोल देती हैं।

क्रांतिकारी शालू सैनी ने खून से लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

- साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट ने डीएम कार्यालय पर डाला डेरा - महिला व बालिकाओं पर हो रहे अपराधों के विरोध में धरना



मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। महिला हितों के लिए देश भर में कार्य कर रहे संगठन साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा बलात्कार जैसी घिनौनी घटनाओं के अपराधी को फांसी की मांग को लेकर डीएम दफ्तर पर एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। क्रांतिकारी शालू सैनी ने इस बीच अपने खून से लिखे प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र को प्रशासन के माध्यम से लिख कर भेजते हुए बढ़ते अपराधों को रोकने की मांग उठाई। शुक्रवार को साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में आयोजित इस धरने में दर्जनों महिला पुरुषों ने भाग लिया और नारेबाजी करते हुए कलकत्ता के साथ देश के अन्य हिस्सों में बढ़ रही बलात्कार की घटनाओं को लेकर रोष व्यक्त किया। धरने पर क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि 6 माह की बच्ची से लेकर 60 वर्ष की वृद्ध महिला तक कोई भी सुरक्षित नहीं है। आज माता पिता अपनी बेटी की रक्षा के प्रति परेशान हैं और ये बलात्कारी दरिंदे रोज कोई न कोई घटना कर रहे हैं। ऐसे में हम सब यहां इक्कठा होकर प्रधानमंत्री को पत्र भेज रहे हैं कि इस घिनौने अपराध को रोकने के लिए सशक्त कदम उठाने के साथ सख्त कानून बनाए जाएं। इसके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने घोषणा की कि आज से संस्था द्वारा एक देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें रेप के विरुद्ध सख्त कानून की मांग को लेकर एक लाख से अधिक लोगों का हस्ताक्षर कराकर मांग पत्र प्रधानमंत्री को सौंपा जाएगा। इस दौरान धरने पर मौजूद महिलाओं ने बलात्कार जैसे घृणित अपराध की जांच फास्ट ट्रैक कोर्ट में होने व 6 महीने के अंदर ही अपराधी को सजा दी जाए, ऐसे अपराधी को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। इस दौरान राजू सैनी, मंगलेश प्रजापति, प्रवेंदर दहिया, खनक गुप्ता, मुकुल गोयल, पूनम सैनी, पूनम शर्मा, साक्षी सैनी, गीता ठाकुर, रेनू चौधरी, सीमा गोयल, पिंकी चौधरी, अलका चौधरी, गीता गुर्जर, रजनी शर्मा, रविता चौधरी, शालू, अंजू सैनी, राकेश शर्मा, डॉ. योगेंद्र शर्मा, राजेश कश्यप, बसंत कश्यप, सत्य पाल, तन्नू, राजेश, सुमित, अमित आदि मौजूद रहे।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर मंथन

- डीएम की अध्यक्षता में उद्योग से जुड़े मुद्दों के निदान पर जोर

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। विकास भवन में उद्योग बंधु की बैठक डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सीडीओ संदीप भगिया उपस्थित रहे। बैठक में लघु उद्योग भारती के महासचिव जगमोहन गोयल ने उद्योगों में आ रही परेशानी के तहत भोपा रोड मुजफ्फरनगर इंडस्ट्रियल एरिया में हमेशा मिलों में आग लगने का खतरा रहता है। अभी वर्तमान में बिंदल पेपर्स लिमिटेड एवं राधा गोविन्द ऑटोमोबाईल में भयंकर आग लगी, जिसमें बड़ा नुकसान हुआ था। इस संबंध में काफी समय से मांग है कि मखियाली भोपा रोड पर एक फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना हो जो कि स्वीकृत हो चुका है। जब तक इस एरिया में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना हो तब तक मल्टी स्टोरी लिफ्ट वाली फायर ब्रिगेड टेंडर की व्यवस्था ट्रांसपोर्ट नगर में करने कि व्यवस्था करें जिससे आग लगने की स्थिति में आग बुझाने का कार्य जल्द हो सके ताकि आग से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। मुजफ्फरनगर इंडस्ट्री में आग लगने पर इंडस्ट्री को लाभ मिल सकें हमारे भोपा रोड ओर अन्य इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्टरियों के स्टाफ एवं कर्मचारियों के साथ रोड पर अवांछित तत्वों की ओर से गुंडागर्दी होती है, उनके साथ मारपीट होती है, उनसे उनके पैसे और मोबाइल छीन लिए जाते हैं। साइबर क्राइम बैंक फ्रॉड होने पर उनकी पुलिस द्वारा कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं होती है। फैक्ट्री गेट पर कई बार किसान यूनियन के लोगों द्वारा गेट को बंद कर देने, रास्ते में बैठकर मार्ग अवरुद्ध कर देने, अंदर कर्मचारियों से मारपीट, तोड़फोड़ करते हैं। इस पर अंकुश लगाए जाने की मांग की। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से जगमोहन गोयल, पवन गोयल, अंकित सिंघल, नवीन जैन, मनीष भाटिया, पंकज जैन आदि मौजूद रहे।

सिपाही भर्ती में चौथे दिन 28.20 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा, 13 गिरफ्तार, 94 मिले संदिग्ध

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)। प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के चौथे दिन 21.80 फीसद अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शुक्रवार को परीक्षा में 6,91,936 अभ्यर्थी शामिल हुए, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है। वहीं परीक्षा में सेंध लगाने का प्रयास करने वाले 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 3 सॉल्वर हैं। वहीं परीक्षा से पूर्व 94 अभ्यर्थियों के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए, हालांकि उन्हें परीक्षा देने दी गई। उनके दस्तावेजों की स्क्रूटनी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा की जाएगी।

मेरठ में 354 करोड़ से बनेगी इनर रिंग रोड

मेरठ, 30 अगस्त (एजेंसी)। हापुड़ रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने के लिए 45 मीटर चौड़ी इनर रिंग रोड के लिए शासन ने अनुमति दे दी है। इस पर 354 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें 288 करोड़ रुपये मुआवजे और 66 करोड़ मार्ग निर्माण पर खर्च होगा। शासन को बजट के लिए भेजे गए प्रस्ताव पर प्रमुख सचिव (लोनिवि) ने रजामंदी दे दी है। 15 सितंबर तक ग्रांट आने की उम्मीद है। इसके बाद जमीनी स्तर पर काम शुरू होगा। मेरठ महायोजना-2001 में एनएच-58 को मवाना रोड, गढ़ रोड, हापुड़ रोड, दिल्ली रोड से जोड़ने के लिए प्रस्ताव रखा था। वर्ष 2006 में तैयार हुई महायोजना-2001 में इसकी पैरवी की गई, लेकिन दशकों बाद भी मामला परवान नहीं चढ़ा। अब बीते कुछ सालों से शहर में बिछ रहे हाईवे के जाल और इन्हें जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। ऐसे में गढ़ रोड पर सिसौली के पास इंटरचेंज बनाया जा रहा है और यहां से 12 किमी. लंबी सड़क भावनपुर होते हुए मवाना के सलारपुर में पहुंच रही है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। ऐसे ही सलारपुर से एनएच-58 को जोड़ने के लिए भी मार्ग का निर्माण हो रहा है। इसके बावजूद हापुड़ रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने पर कोई पहल नहीं हो सकी। जुर्रानपुर रेलवे फाटक पर पिछले 13 साल से रेलवे की ओर से बनाया गया पुल हवा में लटका हुआ है। इसके दोनों ओर जमीन अधिग्रहण कर इनर रिंग रोड तैयार होनी थी। इनर रिंग रोड की कुल लंबाई 34.19 किमी. है। मेडा अफसरों के मुताबिक बाईपास से वेदव्यासपुरी योजना तक 2.4 किमी. मार्ग निर्मित है। वेदव्यासपुरी योजना के बाद रेलवे लाइन से दिल्ली रोड तक 1.2 किमी. मार्ग महायोजना मार्ग नहीं है और मौके पर भी इसका निर्माण नहीं हुआ है। हापुड़ रोड से लोहिया नगर नाले तक 1.96 किमी. भाग में 80 मीटर पर विवाद होने के कारण गढ़ रोड भी हापुड़ रोड से नहीं जुड़ सकी है। हाल ही में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. की ओर से विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक में भी इस पर चर्चा हुई। इसके तहत मेडा ने जमीन अधिग्रहण के लिए लोक निर्माण विभाग से खर्चा वहन का प्रस्ताव रखा है। इसी के साथ सड़क निर्माण में आने वाले खर्चे को अपनी बाह्य विकास निधि से वहन करने की भी पेशकश की है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ईसीसीई एजुकेटर की नियुक्ति का विरोध

- कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, फैसला वापस लेने की मांग

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को शिक्षा देने के लिए सरकार द्वारा ईसीसीई एजुकेटर की नियुक्ति करने के फैसले का विरोध करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र की कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने यह फैसला वापस लिए जाने की मांग की। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंची दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को पूर्ण करने के लिए विरोध प्रदर्शन करने के साथ डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उनके द्वारा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा दिए जाने का काम पूर्ण सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसके बाद भी यूपी सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की शिक्षा को ईसीसीई एजुकेटर की नियुक्ति करने का फैसला लिया है, जो उनके लिए हितकारी नहीं है। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिका अपने हितों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार के प्रत्येक कार्यक्रम और योजना के प्रचार प्रसार के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। सभी कार्यक्रमों को फलीभूत करने में आंगनबाडी कर्मचारी दिन रात सहयोग करती रही हैं। मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे में हित देखते हुए ईसीसीई एजुकेटर को नियुक्त करने का फैसला तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाये और उनके हितों को लेकर किये निर्णयों को तत्काल लागू किया जाये। इस दौरान मुख्य रूप से हेमलता, अलका, पिंकी चौधरी, अफसाना, नीलम, सुषमा, आशा आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

उद्यमियों ने मुख्यमंत्री से मांगी रैपिड रेल, सौंपा मंत्री को ज्ञापन

- मेरठ आरआरटीएस को जिले तक लाने की उठाई मांग

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। आरआरटीएस को मेरठ से मुजफ्फरनगर तक लाने को लेकर जारी राजनीतिक खींचतान के बीच ही जिले के उद्यमियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि जिले के लोगों की सुविधा के साथ यहां उद्योगों को राहत देने को मेरठ आरआरटीएस परियोजना को मुजफ्फरनगर तक लाये जाने का काम कराया जाये। आईआईए ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मंत्री कपिल देव अग्रवाल को सौंपते हुए इसकी पैरवी किए जाने को आवाज उठाई। आईआईए के अध्यक्ष पवन गोयल ने नगर विधायक व सरकार में मंत्री प्रभार कपिल देव अग्रवाल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उद्यमियों ने मोदीपुरम से मेरठ तक आई आरआरटीएस परियोजना के तहत रैपिड ट्रेन मुजफ्फरनगर तक चलाने के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग की। आईआईए चेयरमैन पवन गोयल ने कहा कि यह ट्रेन जनपद के यात्रियों-उद्यमियों के लिए एक सुविधाजनक होने के साथ तेज यात्रा विकल्प प्रदान करेगी और दिल्ली से मुजफ्फरनगर के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाएगी। जनपद में सर्वाधिक पेपर मिलें, लोहा मिलें और एशिया की सबसे बड़ी गुड मंडी है, भारत की राजधानी दिल्ली और मुजफ्फरनगर दोनों शहरों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं सड़क पर वाहनों का दवाब कम होने से वाहन दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। सुगम यातायात समस्या का समाधान होने के साथ आरआरटीएस आने से जनपद में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे मुजफ्फरनगर तक चलाने के लिए जरुरी कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को यह प्रस्ताव भेजने की मांग की।

बाग का ठेका

विद्यालय के लगभग 14 बीघा आम के बाग का 2 वर्षो के लिए 03/09/2024 में 1 बजे ठेका छोड़ा जाना है। इच्छुक ठेकेदार विद्यालय समय में जाकर सम्पर्क कर सकता है।

प्रधानाचार्य-
महर्षि दयानंद इण्टर कॉलिज
दूधली, मुजफ्फरनगर

एनआईए का यूपी समेत चार राज्यों में छापा

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)। बलिया मे प्रतिबिंबित संगठन सीपीआई माओवादी के सदस्य की गिरफ्तारी के मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने यूपी सहित चार राज्यों में छापेमारी की। इसी मामले में बीते साल 6 सितंबर को वाराणसी, चंदौली, प्रयागराज, देवरिया और आजमगढ़ मे छापा मारकर प्रमाण जुटाए गए थे। शुक्रवार को भी इन्हीं जिलों में छापेमारी की गई गई है। एनआईए जांच में खुलासा हुआ है कि प्रतिबंधित संगठन के कई सहयोगी संगठन देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहे हैं। छापेमारी में एनआईए की टीम ने मोबाइल, लैपटॉप, पेन ड्राइव, सीडी, मेमोरी कार्ड और कई सिम कार्ड बरामद किए हैं। इसके पहले अगस्त 2023 में बिहार पुलिस ने रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था। रोहित से पूछताछ के बाद राज्य पुलिस ने सीसीआई (माओवादी) के उत्तरी क्षेत्र के प्रभारी प्रमोद मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इन गिरफ्तारियों के बाद पुलिस ने हथियार, गोला बारूद और एक बंदूक कारखाने को जब्त किया था। प्रयागराज में एनआईए की टीम ने इंकलाबी नौजवान मोर्चा के सदस्य देवेंद्र आजाद के कमरे पर छापा मारा। देवेंद्र शिवकुटी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सलोरी में स्थित एक लॉज में रहता है। छापेमारी से शिवकुटी इलाके में स्थित लॉज में खलबली मच गई। टीम में छह सदस्य शामिल रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस भी पहुंची। देवेंद्र के कमरे की काफी देर तक तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया है। एनआईए की टीम दोपहर में प्रयागराज पहुंची थी और करीब 12 बजे तक यह कार्रवाई चलती रही। पिछले साल भी शिवकुटी में पीयूसीएल की प्रदेश अध्यक्ष सीमा आजाद के घर समेत शहर में चार जगह पर पहुंच कर सर्च ऑपरेशन चलाया था।

डॉ. विकास पंवार के समर्थन में खड़ी हुई आईएमए

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। आईएमए सदस्य, वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. विकास पवार के विरुद्ध उनकी एक महिला मरीज ने कथित छेड़छाड़ के आरोप लगाते हुए मुकदमे दर्ज कराये हैं। इसी संबंध में आईएमए ने सर्कुलर रोड स्थित आईएमए भवन में विचार-विमर्श के लिए आज सायं 5 बजे एक सभा का आयोजन किया, जिससे कि डॉ. विकास पंवार का किसी भी तरह कोई उत्पीड़न न हो सके व निष्पक्षता व सत्यतापूर्वक उचित न्याय हो सके, पर विचार किया गया। सभा की अध्यक्षता आईएमए॰ अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने की। विभिन्न सदस्यों ने इस सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किए। इस सभा में काफी संख्या में चिकित्सक उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से डॉ. मुकेश जैन, डॉ. ईश्वर चंद्रा, डॉ. सुनील सिंघल, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. केडी सिंह, डॉ. यूसी गौड, डॉ. गजराजवीर सिंह, डॉ. डीएस मलिक, डॉ. रवींद्र जैन, डॉ. अविनाश रमानी, डॉ. हरदेश अरोड़ा, डॉ. सुभाष बालियान, डॉ. अशोक सिंघल, डॉ. आमोद कुमार, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. अजय सिंघल, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. मनोज काबरा, डॉ. एमएल गर्ग, डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. दीपक गोयल, डॉ. रवींद्र सिंह, डॉ. प्रदीप गर्ग, डॉ. कुलदीप सिंह चौहान, डॉ. सत्यम राजवंशी, डॉ. राजेश मारवाह, डॉ. अखिल गोयल, डॉ. आशीष बलराज, डॉ. निशा मलिक, डॉ. रश्मि गोयल आदि मुख्य चिकित्सक उपस्थित थे। ज्ञात हो डॉ. विकास पवार एक अत्यंत ही कुशल सफल वरिष्ठ शल्य चिकित्सक होने के साथ ही अत्यंत सज्जन सद्चरित्र स्वच्छ छवि वाले, व्यवहार कुशल मिलनसार सामाजिक व्यक्ति हैं। उन्होंने एक माह से भी अधिक समय पहले एक महिला मरीज का ऑपरेशन किया था, किंतु कुछ कॉम्प्लिकेशन उत्पन्न हो जाने के कारण उचित इलाज हेतु तदनुसार हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था, तब मरीज व परिजनों ने किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं की । अब एक महीना से भी अधिक बीत जाने के बाद उक्त महिला मरीज ने अचानक कथित छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए डॉ. के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया, जो कि समझ से परे है। इसी संबंध में सभी सदस्यों ने माँग की है कि इस केस में निष्पक्ष सत्यतापूर्वक न्यायोचित जाँच हो, जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके और किसी भी तरह का कोई उत्पीड़न न हो और मुकदमा वापस हो, जिससे कि अन्य चिकित्सक वर्ग भी भययुक्त होकर समाज की सेवा कर सके, अपना चिकित्सा कार्य कर सके। न्याय के लिए इस संघर्ष में समस्त आईएमए परिवार उनके साथ है।

गाजियाबाद में दुष्कर्म पर बवाल: भीड़ ने की तोड़फोड़ और आगजनी

साहिबाबाद, 30 अगस्त (एजेंसी)। गाजियाबाद के साहिबाबाद में लिंक रोड थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में बुधवार शाम करीब पांच बजे रिक्शा चालक की 16 साल की बेटी के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया गया। घटना का पता चलने पर सुबह करीब 11 बजे हिंदू परिवार गौ रक्षक समेत कई संगठनों के लोग लिंक रोड थाने पर जमा हो गए। पीड़िता और आरोपी अलग-अलग समुदाय के होने की वजह से तनाव की स्थिति बन गई। गुस्साए लोगों ने तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद पुलिस ने चौकी के बाहर धरना दे रहे लोगों को लाठी बरसाकर खदेड़ा। केस में नामजद कराए गए साहिबाबाद के शहीदनगर निवासी फैजान (20) को पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह दस बजे गिरफ्तार कर लिया। वह लिंक रोड क्षेत्र में कबाड़ी की दुकान पर काम करता है।घटना का पता चलने पर सुबह करीब 11 बजे हिंदू परिवार गौ रक्षक समेत कई संगठनों के लोग लिंक रोड थाने पर जमा हो गए। इन लोगों ने आरोपी को उनके हवाले किए जाने की मांग करते हुए जाम लगा दिया। वे लोग घटना को सामूहिक दुष्कर्म की बताकर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जाम लगने से दिल्ली जाने और वहां से आने वाले लोगों को लंबे रास्ते से जाना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने समझाया आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस पर वे लोग दोपहर 12 बजे लौट गए। लेकिन, दो घंटे बाद फिर से बवाल कर दिया। इस पर आठ थानों की पुलिस बुला ली गई। रात को पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को लाठी बरसाकर खदेड़ा। तोड़फोड़ और आगजनी हो जाने के बाद कई थानों की पुलिस पहुंची तो काफी लोग वहां से चुपचाप खिसक गए लेकिन कुछ लोग सूर्यनगर चौकी के बाहर धरना देकर बैठ गए। उन पर पुलिस ने बल का प्रयोग किया। पहले उन्हें तुरंत चले जाने की चेतावनी दी। इसके बावजूद वे लोग नहीं गए तो लाठियां बरसाकर उन्हें खदेड़ दिया। यह घटनाक्रम रात नौ बजे हुआ। लाठी लगने से कई लोगों को चोट आई हैं। हालांकि, देर रात तक किसी का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया। बल प्रयोग के बाद पूरे इलाके को पुलिस छावनी बना दिया गया। इस तरह दोपहर दो बजे से शुरू हुआ बवाल सात घंटे बाद रात नौ बजे बजे थमा। दोपहर दो बजे बृज विहार चंदननगर में पुलिस के सामने ही लोगों ने कबाड़ियों की दुकानों में तोड़फोड़ की। एक कबाड़ी के ई रिक्शा में आग लगा दी। आसपास के लोग दुकान बंद कर भाग गए। लोगों की मांग थी कि आरोपी को उनके हवाले किया जाए। वे लोग बैनर तैयार कराकर लाए थे। बैनरों पर लिखा था, दुष्कर्मी को फांसी दो। सूर्यनगर चौकी पर भी हंगामा कर जाम लगा दिया गया। कुछ लोग चौकी के बाहर धरना देकर बैठ गए। उन्हें पुलिस की लाठियों का सामना करना पड़ा। एफआईआर में किशोरी के पिता ने बताया है कि उनकी बेटी और आठ साल का बेटा घर पर थे। अन्य लोग काम पर गए हुए थे। फैजान घर में घुस गया। उसने बेटी के बाल खींचे, उसे चांटे मारे। बेटे ने विरोध किया तो उसे लात मारी। इसके बाद बेटी के मुंह पर रुमाल डाल दिया। इससे वह बेहोश हो गई। उसे जब होश आया तो पता चला कि उसके साथ गलत काम किया गया है। एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। साक्ष्य जुटाकर इस केस में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महबूबा मुफ्ती ने जमात पर लगे बैन को हटाने का किया आह्वान, उमर अब्दुल्ला को दिया करारा जवाब

जम्मू , 30 अगस्त (एजेंसी)। चुनावी सरगरमियों के बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के अध्यक्ष महब

स्व. गीता गुप्ता को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि, जुटे आम-ओ-खास

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। भाजपा एवं व्यापारी नेता शलभ गुप्ता व अमित गुप्ता की माता स्व. गीता रानी की तेहरवीं पर कूकड़ा रोड स्थित बैंकेट हाल में शुक्रवार को परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इससे पूर्व पंडित वीरेंद्र शास्त्री, पंकज भारद्वाज द्वारा गरूड़ पाठ के समापन के बाद श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में पूज्नीय माताजी के धार्मिक, सामाजिक, परोपकारी व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए उनके कई संस्मरणों को याद करते हुए सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर अपने शब्दों से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, सांसद चंदन चौहान, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, देवबन्द चेयरमैन विपिन गर्ग, पूर्व विधायक अशोक कंसल, गौरव स्वरूप, पूर्व मंत्री सईदुज्जमां, सदस्य प्रेस कौंसिल ऑफ इंडिया व मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द भारद्वाज, आशीष यादव, डॉ. कमल गुप्ता, राजीव गोयल, भाजपा नेता सचिन सिंघल,राजीव गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, सौरभ स्वरूप, कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रमोद त्यागी एडवोकेट, सुरेंद्र मलिक, संजय लखान, प्रदीप शर्मा, विजय शुक्ला, सोमपाल भाटी, पवन बंसल, अनिल जिंदल एड, अमित चौधरी वसुंधरा, सुमित रोहल देवभूमि, राहुल गोयल, नरेश चंद गुप्ता एड, सुनील गर्ग, सत्य प्रकाश, अनिल गर्ग, डॉ. एमएल गर्ग, डॉ. सुमित गर्ग, शंकर स्वरूप बंसल, अजय स्वरूप, देवेंद्र गर्ग, मुकेश ओमेगा, राकेश त्यागी, संजय मिश्रा, बिजेंद्र मलिक, सुगंध जैन, यशपाल सिंह पूर्व डीजीसी, अनिल दीक्षित एड, विजय त्यागी एड, योगेंद्र शर्मा एड, मनोज गुप्ता, दीपक मित्तल, राजीव मित्तल, जनार्दन विश्वकर्मा, इंजीनियर बी बी गुप्ता, इंजी. बीआर शर्मा, आर पी शर्मा, यूसी वर्मा, राजीव गर्ग, सुनील तायल, सचिन सिंघल, सुधीर खटीक, विकास त्यागी, श्याम सिंह सैनी, विजय बाटा, प्रवीण कुमार, लवी गोयल, हिमांशु गोयल, अजय अरोरा, अभिषेक अग्रवाल, संदीप चौधरी, कमलकांत एडवोकेट, संजय सक्सेना, पीयूष रंजन त्यागी, सतीश गर्ग, हन्नी-मन्नी, अजय कुमार, शिशुकांत गर्ग, रेणू गर्ग, बृजबिहारी अत्री, रंजीत त्यागी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गुप्ता परिवार की ओर से अमित गुप्ता एड, शलभ गुप्ता एड, राजेंद्र कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, पंकज राजवंशी, राकेश राजवंशी, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग अध्यक्ष राजवंश सभा, आशुतोष गुप्ता, अंजलि गुप्ता, विकास गुप्ता, संजीव सिंघल, आशीष ऐरन, अशोक ऐरन, योगेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, शुभम गुप्ता, भावना गुप्ता, नेहा गुप्ता, अमिता गुप्ता, अदिति गुप्ता, सरिता गुप्ता, डिंपल गुप्ता, पूनम ऐरन, वासु, आकाश अवनी, वरुण प्रताप राजवंशी, उत्कर्ष, विभोर, गुणपाल जैन, मधु जैन, सचिन जैन आदि ने पूजा अर्चना कर स्वर्गीय माता जी स्वर्गीय गीता रानी को परलोक गमन पर भावपूर्ण विदाई दी।

अखिलेश का योगी पर तंज- लाल रंग मिलन का प्रतीक, गंजे भी यह टोपी लगा सकते हैं

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से गुरुवार को कानपुर में लाल टोपी को लेकर दिए गए बयान के बाद शुक्रवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का जवाब आया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि लाल रंग मिलन का प्रतीक होता है। जिनके जीवन में प्रेम-मिलन, मेल-मिलाप का अभाव होता है, वे अक्सर इस रंग के प्रति दुर्भावना रखते हैं। कोई रंग अच्छा-बुरा नहीं होता है, अच्छा-बुरा तो नजरिया होता है। अखिलेश ने कन्नौज में कहा कि लाल रंग भावना का रंग है। मुख्यमंत्री भावनाओं को नहीं समझ सकते हैं। यहां तक कह दिया हमारे तो बाल हैं, जिनके बाल नहीं हैं, वह गंजे भी यह टोपी लगा सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नाम लिए बिना उसकी काली टोपी को नकारात्मक शक्तियों और तानाशाह फांसीवादियों का प्रतीक बताया। सपा पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि इनकी टोपी लाल है, लेकिन कारनामे काले हैं। अखिलेश ने इंटरनेट प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करने के साथ ही कन्नौज की अपनी सभा में भी इसका जवाब दिया। उ न्होंने एक्स पर लिखा कि लाल रंग शक्ति का धारणीय रंग है, इसीलिए कई पूजनीय शक्तियों से इस रंग का सकारात्मक संबंध है लेकिन जिन्हें अपनी शक्ति ही सबसे बड़ी लगती है, वो लाल रंग को चुनौती मानते हैं। इसी संदर्भ में ये मनोवैज्ञानिक-मिथक भी प्रचलित हो चला कि इसी कारण शक्तिशाली सांड़ भी लाल रंग देखकर भड़कता है। वहीं, काला रंग भारतीय संदर्भों में विशेष रूप से सकारात्मक है।

पाकिस्तान सीमा पर गरजे सात देशों के लड़ाकू विमान

जोधपुर, 30 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के जोधपुर में शुक्रवार से भारतीय वायुसेना के ऐतिहासिक बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति युद्धाभ्यास शुरू हुआ। आज से 14 सितंबर तक चलने वाले युद्धाभ्यास में अमेरिका, जापान, ग्रीस, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, यूएई एयरफोर्स अपने करतब दिखाएंगी। सभी देशों के तकरीबन 800 से अधिक वायु सैनिक इस युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय वायुसेना के अध्यक्ष वीआर चौधरी और मुख्य देशों के एयरफोर्स चीफ एक-दूसरे के साथ लड़ाकू विमान साझा करेंगे। यह भारत में आयोजित होने वाला पहला बहुराष्ट्रीय अभ्यास है, जिसमें विभिन्न देशों के लड़ाकू विमानों ने जोधपुर के आसमान में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

वीडियो में पिस्टल सहित दिखे दसवीं व 11वीं के चार छात्र पकड़े

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। नगर में कई दिन पहले वायरल वीडियो में पिस्टल लहराते दिखे चार किशोरों को दबोच लिया गया है। कक्षा दस और 11 के इन छात्रों ने शौक में पैसे जोडकर पिस्टल खरीदी थी। थाना सिविल लाइन पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक किशोर अपने तीन अन्य साथियों के साथ बामनहेडी रेलवे स्टेशन के पास बैठा है। चारों किशोर वायरल वीडियो वाले ही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों किशोरों को पकड़ लिया। सभी किशोरों ने कक्षा दस व ग्यारह का छात्र होना बताया। पिस्टल के बारे में गिरफ्तार एक किशोर ने बताया कि एक युवक उसका परिचित है। उससे उन सभी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिल कर पिस्टल खरीदी थी। पिस्टल अपराध करने के लिए बल्कि सबने पैसे जोड़कर शौक में खरीदी थी। पिस्टल बेचने वाला व खरीदने वाला किशोर अभी फरार है। पुलिस ने किशोरों की निशानदेही पर पिस्टल बरामद कर ली।

भाजपा में शामिल होने के बाद चंपाई सोरेन ने लगाए जय श्री राम के नारे

रांची, 30 अगस्त (एजेंसी)। झारखंड के पूर्वी सीएम और पूर्व खटट नेता चंपाई सोरेन ने आज रांची में बीजेपी में शामिल हो गए हैं। बीजेपी में शामिल होने के बाद पहली बार चंपाई सोरेन ने आम लोगों को संबोधित किया और जय श्रीराम के नारे लगाए। अपने संबोधन में उन्होंने झामुमो पर जमकर निशाना साधा। चंपाई ने कहा कि जेएमएम को अपने खून-पसीने से सींचा और एक लंबे संघर्ष के बाद बाहर आ गए।

रामपुर तिराहे के पास पलटा ट्रक, दो भाई घायल

छपार, 30 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर-सहारनपुर रोड पर बावनदरा पुल के सामने ट्रक पलट गया, जिसमे चालक-परिचालक दो सगे भाई घायल हो गए। हरदौई निवासी रामराही व होरीलाल पुत्रगण सुन्दर ट्रक पर चालक-परिचालक का काम करते हैं। शुक्रवार में बिजली के तार भरकर ट्रक को सहारनपुर ले जा रहे थे। दोपहर 12 बजे के लगभग रामपुर तिराहे से आगे बावनदरा पुल के पास ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक का संतुलन बिगडने से वह हाईवे पर पलट गया, जिसमे दोनों भाई घायल हो गए। उन्हें पुलिस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने जेसीबी मशीन द्वारा पलटे ट्रक को सड़क से हटवाकर रास्ता सुचारू कराया गया।

सांसद हरेंद्र मलिक का एम्स डायरेक्टर ने किया स्वागत

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। दिल्ली एम्स की गवर्निंग बॉडी का सदस्य मनोनीत होने पर सांसद हरेंद्र मलिक को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के डायरेक्टर एम श्रीनिवास द्वारा सम्मानित किया गया। हाल में हरेंद्र मलिक को आल इंडिया मैडीकल इंस्टीट्यूट दिल्ली की गवर्निंग बॉडी का सदस्य नियुक्त किया गया। सांसद हरेंद्र मलिक के एम्स की गवर्निंग बॉडी का सदस्य बनने से ना सिर्फ. मुजफ्फरनगर बल्कि पश्चिमी उप्र के लोगों को फायदा होगा।

डीएम-एसएसपी ने कारागार का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

साफ-सफाई, मेन्यू अनुरूप भोजन व स्वास्थ्य पर विशेष जोर

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी व एसएसपी अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने बैरकों, रसोईघर व सुरक्षा उपकरणों आदि को चेक किया। इस दौरान अधिकारियों ने बंदियों से वार्ता कर कारागार में मिल रही सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधीनस्थों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए सफाई व बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुरुष और महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया। सुरक्षा की दृष्टि से कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए उन्होंने कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं। वहीं सभी शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखे। जेल परिसर में कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हरियाणा से उत्तराखंड में बेचने के लिए ले जा रहा था शराब

होंडा सिटी कार समेत शराब तस्कर नई मंडी पुलिस ने दबोचा

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। थाना नई मण्डी पुलिस ने हरियाणा से उत्तराखंड सप्लाई के लिए शराब ले जाते एक अवैध शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त होण्डा सिटी कार व अवैध शराब बरामद की है। थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा एक अवैध शराब तस्कर अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर एनएच-58 पर ड्रीम सिटी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त होण्डा सिटी कार व अवैध शराब बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त शाशवत पाण्डेय पुत्र देवराज पाण्डेय निवासी शक्ति बिहार मीरापुर ईम्सटी जैतपुर थाना बदरपुर दक्षिणी दिल्ली बताया गया है। उसके कब्जे से 84 बोतल अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का, 168 अद्धे अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का और घटना में प्रयुक्त एक होण्डा सिटी कार नम्बर यूपी 61 बीजे 6154 बरामद की है। अभियुक्त द्वारा प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह यह शराब फरीदाबाद, हरियाणा से कम दामों पर खरीदकर रूद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड में होटल पर सप्लाई करने जा रहा था कि आपने मुझे पकड़ लिया।

मंत्री कपिलदेव ने अफसरों संग किया नगर विकास पर मंथन

- साफ-सफाई और विद्युत आपूर्ति सुधारने के दिए निर्देश
- दुर्घटनाओं पर ओवर ब्रिज बनाने के प्रस्ताव पर दिया जोर

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। नगरीय क्षेत्र की समस्याओं एवं जाम जैसे कारणों से सरकार की हो रही फजीहत के बीच नगर विधायक एवं योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने व्यवस्था में सुधार की पहल शुरू कराने की कवायद की। शुक्रवार को इस कड़ी में मेरठ रोड स्थित मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण सभागार में शहर के विकास कार्यों को गति देने और जन समस्याओं के निस्तारण को लेकर जिले के अफसरों के साथ संपन्न हुई बैठक में राज्यमंत्री ने योगी सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ नगर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

नगर विधायक व योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एमडीए कार्यालय सभागार में संपन्न बैठक में डीएम सहित प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ नगर की सफाई व्यवस्था, सड़कों के निर्माण, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति व जलभराव आदि मुख्य समस्याओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों की इस बैठक में नेशनल हाइवे-58 पर बीते दिनों में बढ़ती दुर्घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंत्री कपिल देव ने जहां एक ओर बिलासपुर कट के पास व मंसूरपुर में ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजने के लिए डीएम को निर्देशित किया।

वहीं जीआईसी मैदान उत्तर में खंडहर में तब्दील हुई जमीन पर गर्ल्स होस्टल बनाये जाने का प्रस्ताव शासन में भेजने को कहा। इसके साथ ही मंत्री कपिल देव ने नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए इसको सुचारू रूप से चलाने को अतिरिक्त एसडीएम को सेक्टर वाइज नगर को बांटकर उसकी जिम्मेदारी तय कराने के निर्देश दिए। एमडीए सभागार में संपन्न बैठक में उन्होंने कहा कि शहर की प्रमुख सड़कों को तुरंत ठीक कराकर अवगत कराना है, जल निकासी के लिए नालों का निर्माण त्वरित रूप से कराए जाने के साथ एमडीए द्वारा ओम पैराडाईज के पास नाले के निर्माण का प्रस्ताव पास स्वीकृत होने के बावजूद कार्य शुरू न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चौराहों और पुलों का नामकरण किए जाने, लैंड बैंक का निर्माण कराने व विशेष रूप से पालिका में जुड़े नए क्षेत्रों, गांवों का पूरा विकास किए जाने को अफसरों को कार्य योजना शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वीसी एमडीए कविता मीना, सचिव आदित्य प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएस फौजदार, विद्युत विभाग व पीडब्लूडी के एक्सईएन, ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा बूथ अध्यक्ष की हत्या के बाद बवाल मामले में उमेश मलिक के खिलाफ आरोप तय

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। बुढ़ाना विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक तीन अलग-अलग मामलों में न्यायालय में पेश हुए। मंसूरपुर थाना इलाके के गांव खुब्बापुर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा की हत्या के उपरांत घरों में तोड़फोड़ और आगजनी के फर्जी मुकदमे में आरोप तय हो गए। इसके अलावा 2013 के दंगों के दौरान सोरम गांव में तत्कालीन सरकार द्वारा सपा सरकार में मुकदमा दर्ज कराने तथा बुढ़ाना थाने में आदर्श आचार संहिता के दर्ज हुए मुकदमे में उमेश मलिक अदालत में पेश हुए। कचहरी में वकीलों की हड़ताल के कारण पूर्व विधायक उमेश मलिक ने अदालत में अपनी पैरवी खुद की। मंसूरपुर क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में भाजपा के बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा की हत्या के बाद हुए बवाल के मामले में पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत सात आरोपियों पर आरोप तय हुए। सिविल जज सीनियर डिवीजन विशेष एमपी एमएलए कोर्ट के पीठासीन अधिकारी देवेंद्र सिंह फौजदार ने अगली सुनवाई के लिए नौ सितंबर की तारीख तय की है। खुब्बापुर गांव में 27 सितंबर 2012 को भाजपा के बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा की हत्या कर दी गई थी। भाजपा नेता शोक प्रकट करने के लिए 29 सितंबर को खुब्बापुर गए थे। इसी दौरान गांव में तोड़फोड़ की गई। गांव के काला की तहरीर पर पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत 12 लोगों के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। शुक्रवार को आरोपी उमेश मलिक के अलावा हरिओम, दीपक, जयप्रकाश, सतीश, ओमवीर, टीनू और अरविंद के खिलाफ आरोप तय हुए। दो आरोपियों की ट्रायल के दौरान मौत हो गई, जबकि नामजद दो लोग तस्दीक ही नहीं हो पाए थे। इसके अलावा दंगे के दौरान सोरम के झगड़े और आचार संहिता उल्लंघन के मामले में भी उमेश मलिक कोर्ट में पेश हुए।

मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस में पहले दिन मुफ्त यात्रा, रविवार से लगेगा इतना किराया

मेरठ। रविवार से 22491 लखनऊ-मेरठ और सोमवार से 22490 मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ट्रेन अपडेट होने के बाद टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। रेलवे ने 22490/22491 मेरठ-लखनऊ-मेरठ वंदे भारत एक्सप्रेस की किराया सूची जारी कर दी है। शनिवार को पहले दिन मेरठ-लखनऊ के बीच अतिथि यात्रियों को मुफ्त यात्रा कराई जाएगी। पीएम मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। बरेली जंक्शन पर भी इसका लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस ट्रेन का ठहराव मेरठ-लखनऊ के बीच सिर्फ मुरादाबाद और बरेली जंक्शन पर रहेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस 560 किमी दूरी सात घंटे 10 मिनट में तय करेगी। देहरादून-लखनऊ के मुकाबले मेरठ-लखनऊ वंदे भारत की औसत रफ्तार करीब 15-20 किमी प्रति घंटा ज्यादा होगी। शुक्रवार को बुकिंग शुरू होने के बाद पांच सितंबर के बाद की तारीखों में तेजी से सीटें बुक हो रही हैं।

नियमित समय सारणी

▶ 22490 मेरठ-लखनऊ वंदे भारत मेरठ से सुबह 6:35 बजे चलने के बाद 8:35 बजे मुरादाबाद, 9:56 बजे बरेली आएगी और दोपहर 1:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। ▶ 22491 लखनऊ-मेरठ वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 2:45 बजे लखनऊ से चलने के बाद शाम 6:02 बजे बरेली आएगी। यहां से शाम 7:32 बजे मुरादाबाद और रात 10 बजे मेरठ पहुंचेगी।

किराया	रुपये में
मेरठ-लखनऊ	
चेयरकार	-1300
एक्जीक्यूटिव	- 2365
बरेली-लखनऊ	
चेयरकार	-740
एक्जीक्यूटिव	-1430
बरेली-मुरादाबाद	
चेयरकार	-495
एक्जीक्यूटिव	-930
बरेली-मेरठ	
चेयरकार	-945
एक्जीक्यूटिव	-1615

बांग्लादेश को भारत से डीजल और बिजली की आपूर्ति ठप

नई दिल्ली। बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद जारी आंतरिक अस्थिरता की वजह से भारत सरकार व भारतीय कंपनियों की तरफ से वहां निमार्णाधीन तकरीबन हर विकास अथवा ढ़ांचागत परियोजना पर असर हुआ है। इसकी वजह से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित है और फ्रेंडशिप पाइपलाइन से बांग्लादेश को डीजल आपूर्ति करने का काम भी स्थगित है। दोनों देशों की सीमाओं पर होने वाला द्विपक्षीय कारोबार का पहिया भी थमा हुआ है और एक दूसरे देशों के कारोबारियों को आने-जाने को लेकर भी कई समस्याएं खड़ी हो रही हैं। अब स्थिति तभी सामान्य होगी जब वहां हालात स्थिर होंगे। इस बात के संकेत विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने दिये हैं।

शिक्षकों की समायोजन सूची जारी, आपत्ति की समयसीमा में मनमानी, विरोध के बाद दो सितंबर तक का समय दिया

लखनऊ, 30 अगस्त (एजेंसी)। बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की समायोजन सूची जारी कर दी। लेकिन अलग-अलग जिलों में इसके लिए कहीं एक दिन तो कहीं दो दिन में ही आपत्ति मांगने की समय सीमा तय कर मनमानी की गई। शिक्षकों के विरोध के बाद बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बृहस्पतिवार को इसके लिए समय तय कर दिया है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या को लेकर काफी अंतर है। इसे देखते हुए जून में सरप्लस शिक्षकों को कम शिक्षकों वाले विद्यालयों में समायोजित करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन, अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। लंबी कवायद के बाद बुधवार को विभिन्न जिलों में शिक्षकों के समायोजन की सूची जारी कर दी गई। इसमें बीएसए की ओर से मनमानी की गई।

बुढाना में घोड़ा बुग्गी से टकराई बाइक, एक की मौत

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड़ पर घोड़ा बुग्गी से टकराकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। शुक्रवार सुबह गांव पीनना निवासी संजय कुमार अपनी बाइक से सवार होकर मुजफ्फरनगर से गांव पीनना जा रहे थे। शहर कोतवाली क्षेत्र में बुढ़ाना मोड पर चौकी के समीप सामने से दौड़कर आ रहे एक घोड़ा बुग्गी से उनकी बाइक टकरा गयी। बताया जा रहा है कि हादसे के समय घोड़ा बुग्गी पर चालक नहीं बैठा था। वह अपने घोड़ा बुग्गी से उतरकर एक तरफ खड़ा हुआ था, तभी अचानक घोड़ा बुग्गी के साथ दौड़ पड़ा ओर बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसपी सिटी ने पुरकाजी थाने में टॉप टेन की सूची नए सिरे से बनाने को कहा

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना पुरकाजी का आकस्मिक निरीक्षण कर थाने पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण का अर्दली रूम लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा थाना पुरकाजी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ सफाई, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियों को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना पुरकाजी पर नियुक्त समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण का अर्दली रूम लिया गया। अर्दली रूम के दौरान एसपी सिटी ने थानों पर लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित और वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी करते हुए सभी अधिकारीगण को लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी अधिकारी व कर्मचारीगण को थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ व सट्टा की पूर्णतः रोकथाम करने, शातिर अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने तथा आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जाँचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने व थाना क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी सिटी द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित को कड़ाई से पालन करने एंव अवैध खनन, पशु, वन तथा भूमाफियाओं को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कडी कानूनी करने तथा हिस्ट्रीशीटर्स की समय-समय पर चैकिंग करने एवं फ्लाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिले के ग्रामीण अंचल के 103 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली

मुजफ्फरनगर, 30 अगस्त (बु.)। पुलिस द्वारा जिले के ग्रामीण अंचल के थाना इलाकों में जघन्य अपराधों में संलिप्त 103 अपराधियों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गई है। अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा एक साथ 103 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्यवाही पहली बार की गयी है। जल्द ही शहरी थाना क्षेत्रों में भी ऐसी ही कार्रवाई की संभावना है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के पर्यवेक्षण में जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले थानों पर विगत तीन वर्षों में पंजीकृत जघन्य अपराधों में संलिप्त शातिर किस्म के अभ्यस्त एवं सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर गहन एवं सतर्क निगरानी रखने हेतु वर्ग (क) की कुल 103 हिस्ट्रीशीट खोली गयी है। पुलिस की ओर से थाना जानसठ में 5, थाना मीरापुर में 9, थाना रामराज में 4, थाना भोपा में 19, थाना ककरौली में 4, थाना बुढाना में 17, थाना शाहपुर में 12, थाना रतनपुरी में 9, थाना फुगाना में 6, थाना भौराकलां में 8 तथा थाना तितावी में10 लोगों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

करंट लगने से गौवंश की मौत, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

चरथावल, 30 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के ग्राम दधेडू कला में विद्युत पोल से पानी में अचानक आये करंट से किसान के गौवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं किसान बाल-बाल बच गया। सूचना पर भाकियू अराजनैतिक के युवा ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान चौकड़ा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने किसान को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। चरथावल थाना क्षेत्र के दधेडूकलां निवासी किसान जावेद पशुओं के लिये चारा लेकर जंगल से घर आ रहा था, जब वह गांव में सड़क किनारे लगे विद्युत पोल के निकट पहुंचा, तो पानी में खड़े पोल में अचानक करंट आ गया। करंट की चपेट में आने से गौवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं किसान ने बुग्गी से कूदकर अपनी जान बचायी। ग्रामीणों द्वारा